**सुविचार** -चरित्र ऐसा हीरा है जो अन्य सभी पाषाण-खंडों को काट देता है ।

साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-38 अंक -11 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-18 जनवरी 2024 मूल्य-3/00 पृष्ठ -16

## नवनीत नागपाल बोले – चुनाव में हमारे खिलाफ काम करने वाले जितने गब्बर सक्रिय थे, जनता ने उन्हें असलियत का अहसास करवा दिया है.

### भाजपा की आभार सभा में भाजपा नेता नवनीत सिंह नागपाल का उद्बोधन चर्चा में रहा

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** विधानसभा चुनावों में मिली शानदार जीत के बाद भाजपा ने मंगलवारा चौराहे पर आभार सभा आयोजित की। इस आभार सभा के माध्यम से विधायक ठाकुरदास नागवंशी, भाजपा नेता नवनीतसिंह नागपाल ने चुनावों के दौरान उनकी खिलाफत करने वालों को करारा जबाव दिया है। नागपाल ने कहा कि विस चुनाव में जितने गब्बर (विधायक विरोधी) थे उन्होंने अपना पूरा जोर खिलाफत में लगा दिया था, उनकी कितनी पैठ, पकड़ या वजन जनता के बीच बची है इसका आंकलन इस चुनाव ने उन्हें करवा दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि विधानसभा में मिली जीत पार्टी के कार्यों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। नागपाल ने कहा कि ईश्वर करे कि हमें कभी सत्ता का घमंड ना आए। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ विधानसभा चुनावों के दौरान एक पर्चा भी वायरल किया गया मैं, जनता बीच गया और केवल इतना कहा कि मैं, स्पष्टीकरण नहीं दूंगा आप ही सही व गलत का फैसला करें। नागपाल ने कहा कि विधानसभा चुनावों के पूर्व नगरपालिका चुनावों में मैंने अपनी पत्नी नीना नागपाल को अध्यक्ष पद के लिए पार्षद का चुनाव नहीं लड़वाया था किंतु परिस्थितियां ऐसी बनी और कार्यकर्ताओं की मंशा व ईश्वर की कृपा से वे नपाध्यक्ष बनीं उन्होंने पूर्व परिषदों में हुई अनाप–शनाप खरीदी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्तमान नपाध्यक्ष के कार्यकाल में जो कीटनाशक पावडर,, दवाओं व अन्य खरीदी है वह मांग अनुसार ही हो रही है। हालांकि विधायक के विरोधियों ने इस आभार सभा का अपने–अपने हिसाब से आंकलन और समीक्षा की है कुछ ने खुलकर कटाक्ष भी किये हैं किंतु सत्यता तो यही है कि आम लोगों ने विधायक को चौथी बार भी अपना प्रतिनिधि चुन लिया है। देखना है कि आगे का राजनीतिक परिदृश्य क्या होता है।

विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि मैं, बोलने में कम और काम करने पर ज्यादा भरोसा करता हूं। हम पर आरोप लगाए जाते हैं कि पिपरिया में दो विधायक काम करते हैं किंतु मंच से कहता हूं कि पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता और इस क्षेत्र की जनता सभी विधायक समान हैं जिन्होंने मुझे इस कुर्सी पर लगातार चौथी बार बैठाया है। विधायक ने कहा कि मैं, जनता का ऋणी रहूंगा। उन्होंने विरोधियों को जबाव देते हुए कहा कि जब जगह खाली होती है तभी दूसरे उस स्थान को भरते हैं। आभार सभा को किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शनसिंह चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने भी संबोधित किया उन्होंने जनता के प्रति अपना आभार जताया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राजेंद्र हरदेनिया, अनंतराम साहू, नपा अध्यक्ष नीना नागपाल, साडा अध्यक्ष कमल धूत, गिरधर मल्ल, मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## योग्य खिलाड़ी हमेशा देश के लिए खेलता है

### पर योग्य डॉक्टर, वैज्ञानिक, प्रोफेसर विदेशों में भागते हैं ?

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** राज्य स्तरीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ शहर के सम्माननीय नागरिकों ने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाले मुख्य अतिथि गनपत सिंह जी राजपूत , विशेष आतिथि डॉ. सतीश कटकवार एवं अध्यक्षता श्री राजीव जायसवाल ने भी खेल के प्रति सजग किया । उल्लेखनीय है कि सभी अतिथि पूर्व न.पा. के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया है एवं विकास के कार्यों से जनता का विश्वास अर्जित किया है । व्यापारी संघ के श्रीगोपाल गांगूड़ा ने भी मंच को गरिमा प्रदान की , कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से अतिथियों की उपस्थिति में हुआ । मंच पर उपस्थिति सभी वक्ताओं ने आयोजन की सार्थकता पर बल दिया , आज के समय एवं वर्षों पूर्व के आयोजनों मैदानों पर छात्रों की उपस्थिति सामग्री जैसी प्रमुख बातों का विशेष रूप से उल्लेख किया । संपत भाई ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग्य बच्चे पढ़लिखकर विदेशों में शोभा बढ़ा रहे हैं पर योग्य खिलाड़ी देश के लिए ही खेलता है ।

इस भव्य ऐतिहासिक आयोजन का श्रेय एकता स्पोर्टस क्लब उसके अध्यक्ष बलरामसिंह बैस एवं उनकी समिति के पदाधिकारी कार्यकताओं को जाता है । शहर के खिलाड़ियों को मैदान पर खेलने प्रोत्साहन देने का श्रेष्ठ कार्य यह संस्था वर्षों से करती आ रही है बच्चों से मोबाइल से दूर रहने और खेल में रूचि लेने का आग्रह मंच वर्षों से कर रहा है ।

राज्य स्तरीय लेबर बॉल प्रतियोगिता का यह प्रथम मैच जबलपुर और इटारसी के बीच हुआ, अतिथियों सम्माननीय नागरिकों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उन्हें अनुशासन शालीनता धैर्य के साथ खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हुए पूर्व साडा अध्यक्ष व पूर्व न.पा. अध्यक्ष गनपतसिंह राजपूत ने स्वागत किया ।

शहर का एक मात्र खेल मैदान जो निर्माण कार्यों के चलते समाप्त सा हो रहा है । आर.एन.ए स्कूल वर्तमान में सी.एम. राइज स्कूल के मैदान पर शुभारंभ हुआ मैदान पर निर्माण कार्यों की प्रशासनिक रोक के बाद भी हो रहे निर्माण कार्यों के बीच खेल आयोजन हो रहा है । टास का सिक्का डॉ. कटकवार ने उछाला जिसमें जबलपुर ने जीत हासिल कर 236 का विशाल स्कोर इटारसी को पूरा करने छोड़ दिया । इटारसी अथक परिश्रम के बाद भी हार गई । अजिक्य ने 72 रन बनाकर मेन आफ दा मैच रहे, 20 ओव्हर में 236 रन बने ।

रोमांचक दौर के साथ खिलाड़ी मैदान पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत रहे हैं । खेल प्रेमी खेल देखने भारी संख्या में मैदान में आ रहे हैं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर मस्ती के साथ आनंद उठा रहे हैं । राज्य स्तर के खिलाड़ी संस्था के प्रयासों ग्राउंड की तैयारी व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रहे हैं । प्रतिभाओं को भी संस्था प्रोत्साहित करती है ।

## अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** बनवारी रोड, गुरुद्वारे के आगे झलकन की चक्की के पास दिनांक 19 जनवरी 2024 से 25-1-2024 (7 दिवसीय) श्रीमद्भागवत कथा संगीतमय का आयोजन धर्मप्रेमियों के सहयोग से किया जा रहा है । श्रीमद् भागवत कथा का वाचन पंडित श्री प्रमोद कृष्ण शास्त्री (देवल चौरी) सागर द्वारा किया जावेगा ।

दिनांक 19 जनवरी 2024 को कथा का शुभारंभ सुबह 10 बजे वन विभाग नाका दुर्गा मंदिर से ''कलश यात्रा '' निकाली जावेगी । तथा श्रीमद् भागवत कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायंकाल 5 बजे तक का रहेगा ।

कृपया सभी धर्मप्रेमी श्रीमद् भागवत कथा सुनकर अपना तथा परिवार को जीवन को सफल बनाये ।

## आवारा जानवर, आवारा पालतू कुत्ते, मार्गों पर वाहनों की भरमार

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** शहर के मार्गों पर आम नागरिकों का चलना काफी दूभर कार्य हो गया है । हर वर्ग पर खतरा होना आम हो गया है । वाहनों की घमाचौकड़ी आटो की भरमार ऊपर से ओव्हर लोडिंग ट्रेक्टर ट्रालीयों की भरमार वही ओव्हरलोड माल से भरी अनफिट वाहनों की भरमार कृषि के वाहनों का व्यावसयिक उपयोग आदि अव्यवस्थाएं आम जन का जीना दूभर करके रखे हैं ।

आवारा जानवरों की सड़कों पर भरमार उनका सड़कों पर खड़े रहना बैठना यात्रीयों को भारी पड़ता है वही जानवरों के जीवन का भी खतरा बना रहता है कई जानवर वाहनों से टकराने के कारण अपाहिज हो जाते हैं और बेमौत मारे जाते हैं बाजार, सब्जी मंडी रास्तों पर आवारा जानवर सभी के लिए खतरा बने रहते हैं ।

आवारा कुत्ते भी आमजन पर भारी पड़ जाते हैं कभी-कभी तो आवारा कुत्ते पालतू कुत्ते जनमानस पर काफी भारी पड़ते है उपचार की सुविधा भी कभी कभार ही मिल पाती है वरना उपचार भी भारी पड़ता है । हमारी सरकारी व्यवस्थाएं काफी उदासीन एवं लचर ही रहती है ।

शहर में शोर-धूल का तो वेजा प्रकोप रहता है जिससे नागरिक श्वास रोग और बेहरे होने के प्रकोप से जूझ रहे हैं ।

## पुलिस ध्यान देगी !

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बेतहाशा बढ़ती ही जा रही है । लगभग डेढ़ से 2 लाख लोगों की मौत व घटना दुर्घटनाएं होना आम सा हो गया है घनी बस्ती, भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में बेलगाम भागते वाहन ही घटना दुर्घटना को अंजाम देते हैं । ओव्हर लोडिंग वाहन ये भी तेज गति से भागते हैं और अचानक ब्रेक लगने से पीछे वाले वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो जाते हैं ।

स्थानीय पुलिस प्रशासन शहर की चारो रोडों पर सतत गश्त कर बेकाबू वाहनों की रोकाटोकी करे तो कुछ हद तक घटना दुर्घटनाएं रूक सकती है । रेत के वाहन भी अव्यवस्था फैलाते हैं । घटना-धुर्घटना के समय उपचार की सुविधा त्वरित मिलें तो व्यक्ति की जान को बचाया जा सकता है । पिपरिया का अस्पताल सिविल है पर यहां पर उपचार मिलना काफी मुश्किल कार्य है सुना है पिपरिया के अस्पताल को पुरस्कार भी मिला पर यह कैसे हो गया समझ से परे है व्यवस्थाओं से स्थानीय जन संतुष्ठ नहीं सड़क हादसे कैसे कम हो इस पर चिंतन होना चाहिए । विशेषकर शहर में गति सीमा तय होना जरूरी है बेतरतीब भागते वाहनों पर लगाम लगे सुरक्षा यातायात नियमों की अनदेखी कर चल रहे वाहनों पर रोक हो , जनसुरक्षा प्रथम होना चाहिए । यातायात सुगम सुरक्षित, सहज होना चाहिए ।

## सम्पादकीय

### राममंदिर : क्या भाजपा कई कदम आगे और कांग्रेस और पीछे हो जाएगी

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारी सटीक और स्पष्ट दिखाई पड रहीं है इसके विपरीत विपक्ष फिलहाल कमजोर नजर आ रहा है। मोदी सरकार से मुकाबले के लिए कांग्रेस ने २६ दलों के साथ इंडिया नामक गठबंधन बनाया है लेकिन उसका प्रभाव भी कहीं पडता नजर नहीं आ रहा है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा राम मंदिर का निर्माण और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के भव्य आयोजन में जुटी है और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भारत जोडो न्याय यात्रा पर निकल पडे है। भाजपा ने इस आयोजन को जिस तरह से पूरे देश के लिए उत्सव में बदल दिया है उसका सीधा असर लोकसभा चुनाव पर भी पडेगा। प्राण प्रतिष्ठा के पहले जिस तरह से सप्ताह भर और आगामी दो माह तक के लिए भाजपा ने पूरी योजनाएं तय कर रखी है । इसमें कोई शक नहीं है कि राम मंदिर निर्माण को भाजपा जिस तरह से भुना रही है लोकसभा चुनाव में यहीं अहम मुद्दा होने वाला है। जिस तरह से इस आयोजन के साथ हर एक आम और खास को जोडने का प्रयास किया जा रहा है और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देश में दीपावली की तरह मनाने का जन - जन से आग्रह किया जा रहा है उससे स्पष्ट है कि वोट का प्रतिशत भी इस मुद्दे के इर्द - गिर्द ही रहेगा। इस आयोजन के बाद भाजपा अपनी हिंदूवादी छवि को और भव्य रूप से मतदाताओ के सामने पेश करेगी।

जिस तरह से भाजपा तमाम विज्ञापनों के द्वारा ऐसा जता रहीं है कि रामराज्य आ गया है वैसा तो नहीं है देश में अभी भी कई अहम समस्याएं है जिनसे आम लोग जूझ रहे है बेरोजगारी दर सबसे अधिक है देश का एक बडा वर्ग अच्छी तनखवाह वाली नौकरी पाने के लिए संघर्षरत है। महंगाई भी आम जनजीवन को प्रभावित कर रहीं है । लेकिन इन मुद्दों पर कोई अब बात करना ही नहीं चाहता है। इन जरूरी मुद्दों को लेकर विपा की क्या योजना है यदि विपक्ष समय रहते अपनी योजना को जनमानस के साथ सांझा कर सकें और जनता के मन में उनके प्रति विश्वास बने तभी कुछ संभव है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा मणिपुर से आरंभ की है जहां लंबे समय तक संघर्ष चला और अभी भी स्थितियां सामान्य नहीं हुई है। महिलाओं के साथ मणिपुर में जैसी अभद्रता हुई उसने पूरे देश को झक झकझौर दिया बावजूद इसके भाजपा ने वहां अपने मुख्यमंत्री को नहीं बदला एकबार ही गृहमंत्री उस राज्य में गए और प्रधानमंत्री ने जाना तो दूर उस राज्य की स्थिति को लेकर कोई बात करना तक जरूरी नहीं समझा। इतना गैर जिम्मेदाराना भरा रवैया मणिपुर मामले पर अपनाने के बाद भी भाजपा का बाल भी बांका नहीं हुआ। लगता है जैसे किसी को कोई फर्क की नहीं पडा हो इसी तरह पहलवानों के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री का व्यवहार उचित नहीं था और बृजभूषण शरण सिंह का साथ देना महिला पहलवानों के साथ अन्याय करना ही था। इस मसले पर भी सरकार के व्यवहार को जनमानस ने मौन रहकर स्वीकारा। इस तरह के कई मुद्दे रहे जिनको विपक्ष उस तरह नहीं उठा पाया और भाजपा का कुछ नहीं बिगडा और अब तो राममंदिर को लेकर जैसी आभा भाजपा ने फैलाई है उसका असर जल्दी खत्म होता नहीं दिखता । नागालैंड में भारत न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हम सभी धर्मो को समान मानते है और भाजपा ने राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राजनीतिक बना दिया है इसीलिए हम उसमें शामिल नहीं हो रहे है। देखना होगा कि कांग्रेस का यह कदम उन्हें और कितना पीछे ले जाता है ।




**न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट**

शोभापुर रोड, पिपरिया

जिला-होशंगाबाद (म.प्र.)

Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409

विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।


### परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह शुक्रवार को नर्मदापुरम आएंगे

जनसंपर्क नर्मदापुरम परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह 19 जनवरी को नर्मदापुरम आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परिवहन मंत्री श्री सिंह शुक्रवार को प्रातः 11.00 बजे पिपरिया पहुंचेंगे और और यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे शोभापुर में, दोपहर 12.30 सोहागपुर में एवं 1रू 30 बजे सेमरीहरचंद में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। परिवहन मंत्री श्री सिंह दोपहर 2.00 बजे माखननगर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 4 बजे प्रस्थान कर शाम 4.30 बजे नर्मदापुरम पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। परिवहन मंत्री श्री सिंह शाम 6.30 बजे नर्मदापुरम के सेठानी घाट में आयोजित मां नर्मदा जी की महाआरती में शामिल होंगे। इसके बाद रात्रि 8.30 बजे नर्मदापुरम से गाडरवाडा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पीएम यशस्वी योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन 31 जनवरी 2024 तक भरे जाएंगे

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के अंतर्गत नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से कक्षा 9 से 12वीं तक के ओबीसी, ईबीसी, और डीएनटी छात्रों हेतु पीएम यशस्वी टॉप क्लास एजुकेशन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में संशोधन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले के ऐसे स्कूल जो की ओवीपीएस पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं कि छात्रों के आवेदन भरे जाने थे।

ऑनलाइन भरे जाने वाले आवेदन की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2024 निर्धारित थी को बढ़ाकर 31 जनवरी 2024 कर दिया गया है। स्कूल एवं छात्र नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर स्टूडेंट कॉर्नर में जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिन आरटीओ ने लगाया निशुल्क नेत्र जांच शिविर,

### 70 चालकों की हुई जांच

जनसंपर्क नर्मदापुरम । बुधवार को नर्मदापुरम शहर के स्थानीय बस स्टैंड पर शिवहरे ट्रेवल्स के कार्यालय में प्रातः 9 बजे से बस वाहन चालकों एवं कंडक्टरो का यातायात सुरक्षा सप्ताह के तहत निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन माननीय कलेक्टर महोदया के निर्देशानुसार श्रीमति निशा चौहान जिला परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम के नेतृत्व एवं डाक्टर राजेश माहेश्वरी आर एम ओ/सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के मार्गदर्शन पर लगाया गया।



इस शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रायोजक कपिल फौजदार एवं संजय शिवहरे जी ने वाहन चालकों को नेत्र परीक्षण हेतु प्ररित किया, निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 70 वाहन चालकों का नेत्र जांच किया गया, इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग से विलास कुमार नीले उप जिला कार्यक्रम प्रबंधक (अंधत्व) आर के वर्मा जे पी सोना नेत्र सहायक, आदर्श यादव प्रतिक यादव नर्सिंग आफिसर, जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के साथ दिपक उपाध्याय परिवहन आरक्षक, सुनील मुदगल भी उपस्थित रहे, इस शिविर में अभिषेक रघुवंशी वाहन चालक को जांच करने पर हाई ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर लेवल अधिक पाया गया जिन्हे शीध्र जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में इलाज करवाने हेतु परामर्श एवं जानकारी दी गई।


**चन्द्रकान्त अग्रवाल**

(कर सलाहकार)

इन्कम टेक्स, टी.डी.एस., पेन कार्ड, जी.एस.टी. आदि से संबंधित कार्यों के लिये सम्पर्क करें।

पता-आनंद बाग रोड, राधाकृष्णन वार्ड, पिपरिया

मो. 9074606112, 9893803544

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।




**विजय ज्वेलर्स**



मेन रोड, पिपरिया


जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन-मो. 9425475530

**प्रकाश डिजिटल फोटो स्टूडियो**



पाठक जी की चाल

सांडिया रोड, पिपरिया



शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कान्फेंस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है

# राम बनें-नर से नारायण

ओमप्रकाश सोनी, पिपरिया
मो. 7489616921

शहर में या शहरी सभ्यता में लोग शिक्षित, आधुनिक और अति सभ्य हो गये हैं। वे, राम का नाम लेना याने पिछड़े-गंवार या गांव के न कहलाने लगें इसलिए कोई राम-राम किसी से नहीं करता। वे समझते हैं कि राम का अभिवादन गांव का है -शहरों का नहीं।

ग्रामीण जीवन में 'राम' का नाम लेना अभिवादन की तरह है। उसमें उम्र का या स्त्री-पुरुष का होना कोई महत्व नहीं रखता। जयराम जी की, जय सिया-राम, राम-राम दद्दा। राम राम माई, राम राम पटैल साब आदि ग्रामीणों की जबान से निकलता है। आप जाने-पति चाहे हों या अनजाने इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। लोग बच्चों के नाम भगवान के नाम पर रखते हैं ताकि दिन भगवान का नाम लेते रहें।

राम के नाम को, उनके गुणों को जीवन में उतारने के लिए, जीवन के अन्त में याने मृत्यु उपरान्त श्मशान ले जाते समय कहते हैं-''राम नाम सत्य है ...।'' यह क्या मृत व्यक्ति को सुनाने के लिए कहा जाता है ? नहीं, वह तो मृत है। उसकी अर्थी के पीछे चलने वाले लोगों को सुनाया जाता है कि, राम का नाम ही सत्य है। राम के आदर्शों को, उनके गुणों को अपने जीवन में उतारने के लिए अन्त में '' वार्निंग'' की तरह है -राम का नाम। श्री राम ईश्वर है पर उससे भी पहले सफल, गुणावान और दिव्य-मनुष्य हैं। पं. श्रीरामशर्मा आचार्य जी ने इसे ही -''मनुष्य में देवत्व का उदय'' बतलाया है। शासक के तौर पर बेहद कामयाब-ऐसा न होता तो रामराज्य की चर्चा अब तक क्यों की जाती ? संयत, संतुलित और निजी सुखों को त्याग कर न्याय और सत्य का साथ देने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम राम की सहनशीलता और धैर्य क्या अनुकरणीय नहीं है ? जरा-सी चोट लगे जाने पर कराहने वाले हम, उनके संघर्ष को देखें तो समझ सकेंगे -राज्य छोड़कर सन्यासी जैसा जीवन बिताना कितना कठिन होता है। हां, यह बात सही है कि हम वनवास के लिए विवश नहीं हैं, लेकिन दिन-ब- दिन सामने आकर खड़े हो जाने वाले संकट को ऐसी ही चुनौती मानकर उससे दो - दो हाथ करें तो क्या रामत्व की तरफ एक कदम आगे नहीं बढ़ा लेंगे ?



आज की शिक्षा ने बहुत से लोगों के मन में यह द्विविधा पैदा कर दी है कि -अगर राम एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं, तो फिर भगवान कैसे हो सकते हैं ? हम भारतीय बहुत पहले यह जान पाए थे कि समूची सृष्टि परमात्मा की ही अभिव्यक्ति है। इस सृष्टि परमात्मा की ही अभिव्यक्ति है। इस सृष्टि में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसमें उनकी सत्ता न हो। कोई भी श्रेष्ठ सभ्यता विकसित करने के लिए एक श्रेष्ठ उद्देश्य की, एक सामाजिक आदर्श की आवश्यकता होती है। भारतीय संस्कृति में अपना आदर्श राम के रूप में खोजा है जो सत्यनिष्ठा का, शौर्य का, त्याग का और नीतिपूर्ण जीवन का चरम रूप है।

राम की कहानी, केवल राम की कहानी नहीं है, उसमें भारतीय समाज के कई सच छिपे हुए हैं। इस महागाथा में युग-परिवर्तन की पीड़ाएं जाग रही हैं, इसलिए यह कहानी पुराने मूल्यों को कहानी होते हुए भी नए मूल्यों की रचना में जरूरत का संदेश देती है।

कहते हैं जमाना आगे बढ़ता है तो मूल्य भी आगे बढ़ते हैं मगर ऐसा लगता है कि मानवता इस रूप में बढ़ नहीं रही है। हमारे सन्तों की वाणी चिरकाल से ही विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत रही है। आज भी विदेशों में भारतीय संस्कृति की ओर आकर्षण बढ़ रहा है। हमारा कर्त्तव्य है कि हम उन सनातन मूल्यों की रक्षा व विकास करें जो विरासत के रूप में हमें मिले हैं।

## धार में अपराधियों के हौसले बुलंद, परीक्षा देकर लौट रही MA की छात्रा का दिनदहाड़े किया अपहरण

धार जिला मुख्यालय पर पीजी कॉलेज के सामने से दिनदहाड़े एक छात्रा का अपहरण किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कार सवार कुछ युवक उसे जबरन कार में खींच ले गए।

धार। मध्य प्रदेश के धार में अपहरण का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां बुधवार शाम को कार सवार 4-5 बदमाशों ने कॉलेज से लौट रही छात्रा का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया। इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। फिलहाल पुलमामले की जांच में जुटी है।

मामला जिले के नौगांव थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। जहां कार सवार 4-5 बदमाशों ने छात्रा का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया। छात्रा पीजी कॉलेज की स्टूडेंट है। वह एमए थर्ड सेमेस्टर का एग्जाम देकर घर लौट रही थी। इस दौरान आरोपियों ने छात्रा का अपहरण किया।

प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, वह शाम करीब साढ़े पांच बजे प्रकाश नगर से जैतपुरा जा रहा था, तभी एक सफेद रंग की ईको कार में सवार अज्ञात बदमाशों ने कॉलेज से आ रही एक लड़की को जबरदस्ती खींचकर कार में बैठा लिया। इस दौरान प्रत्यक्षदर्शी ने चिल्ला कर बदमाशों को रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक बदमाश तेजी से अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए।

मामले की सूचना मिलते ही सीएसपी रविंद्र वास्केल और नौगांव पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जिसके बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। वहीं, इस सनसनीखेज वारदात के सामने आने के बाद महिला सुरक्षा के लेकर सवाल उठने लगे हैं। -हम समवेत

## सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा शाही ईदगाह के सर्वे पर लगाई रोक, कहा- हिंदू पक्ष की मांग स्पष्ट नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हिंदू संगठन भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और अन्य से जवाब मांगा है। इस केस पर अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी।

मथुरा। मथुरा की शाही ईदगाह परिसर का सर्वे कराने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। मंगलवार को मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय लिया। कोर्ट ने हिंदू पक्ष की ओर से हाईकोर्ट में दाखिल अस्पष्ट आवेदन पर भी सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से कहा कि सर्वे कमिश्नर की नियुक्ति के लिए अस्पष्ट आवेदन दायर नहीं कर सकते हैं। इसका मकसद स्पष्ट होना चाहिए।



सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हिंदू संगठन, भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और अन्य से जवाब मांगा है। इस केस पर अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी। इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सर्वे वाले केस को छोड़कर श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह से जुड़े अन्य सभी केस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चलती रहेगी।

बता दें कि मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 14 दिसंबर 2023 को फैसला सुनाया था। तब हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर शाही ईदगाह मस्जिद के विवादित स्थल पर सर्वे को मंजूरी दी थी। कोर्ट ने विवादित जमीन का सर्वे एडवोकेट कमिश्नर के जरिए कराए जाने की मांग को भी मंजूरी दे दी थी। कोर्ट ने अपने फैसले में ज्ञानवापी विवाद की तर्ज पर मथुरा के विवादित परिसर का भी सर्वे एडवोकेट कमिश्नर के जरिए कराए जाने का आदेश दिया था

-हम समवेत


# हाल, दुकान उपलब्ध

## दुकान, आफिस, कियोस्क के लिए किराये पर देना है।

**विशेषताएं-**

- प्राइम लोकेशन पर उपलब्ध
- वाइड कोरिडोर
- भूकम्प रोधी तकनिक से युक्त
- वाशरूम की सुविधा
- विट्रिफिएड फ्लोरिंग

इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें -
स्थान -दुर्गा मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड पिपरिया
मो. 7748884849


## बचाना होगा पानी

- ❊ प्लास्टिक का बहिष्कार करें। कपड़े की थैली का उपयोग करें।
- ❊तालाब छोटे छोटे बनाना होगा।
- ❊ पौधरोपण करें।
- ❊जनसंख्या पर नियंत्रण जरुरी है।
- ❊ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाए।
- ❊ दो टैंकों वाला पारवाना बनाएं।
- ❊ जैविक खेती को अपनाएं।
- ❊ जल बचाये, जलस्तर बढ़ाने के लिए उपाय करें।
- ❊ रासायनिक खाद व कीटनाशक से बचें।
- ❊ बहुफसल प्रणाली को अपनाएं।❊ ड्रिप प्रणाली से सिंचाई कर पानी बचाएं।
- ❊ सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दें।

उक्त कार्यों के लिए आप के पास लेख, विचार या योजना हो तो लिख भेजें हम जनहित में उसका प्रकाशन करेगें जनजागरण अभियान


# मे. शुभम् ट्रेडर्स

**क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है, समस्या आपकी, समाधान हमारा**

**कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम**

**अधिकृत विक्रय-**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्प्स् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेन्त सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3" से 12" साइजों में उपलब्ध ❊ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेंट सप्लायर

**दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें। अपने पैसों से सही सुविधा पायें।।**

**निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326**

# सिवनीमालवा में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति देखी

ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

राजस्व महाभियान के तहत नामांतरण, बटवारा और सीमांकन के प्रकरणों के भी त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम । शासकीय योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से समय पर पूर्ण कराएं। यह निर्देश नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बुधवार को सिवनीमालवा में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर सुश्री मीना ने सर्वप्रथम सिवनीमालवा की ग्राम पंचायत चौतलाय का भ्रमण कर यहां राजस्व महा अभियान अंतर्गत बी वन वाचन की गतिविधि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां ग्रामीणों से भी चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। जिसमें ग्रामीणों द्वारा प्रमुख रूप से क्षेत्र में सिंचाई और बिजली की समस्या बताई गई। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण कर सुचारू रूप से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के अमले को मनरेगा के माध्यम से क्षेत्र के तालाबों में जल संवर्धन की क्षमता को भी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच एवं ग्रामीणों से कहा कि ऐसी समस्याएं जिनका वैधानिक निराकरण संभव नहीं है, उनका आपसी समन्वय से समाधान किया जाए।

इसके बाद कलेक्टर सुश्री मीना ने ग्राम पंचायत हथनापुर और धरमकुंडी में स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्राउंड ट्रूथिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारियों को निर्देशित किया कि ग्राउंड ट्रूथिंग का कार्य अच्छे से करें ताकि सर्वे और इंडिया में नक्शा जमा करने में समस्या न है। संबंधित राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम भी स्वामित्व योजना की सतत मॉनिटरिंग और निरीक्षण कर ग्राउंड ट्रूथिंग से लेकर अभिलेख प्रकाशन तक की सभी कार्यवाही तेजी से पूर्ण कराएं।

कलेक्टर सुश्री मीना ने ग्राम पंचायत धर्मकुंडी में ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। जिसमें ग्रामीणों द्वारा प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास और गौशाला न होने की समस्या बताई। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना जनपद सीईओ सिवनी मालवा को शासन से लक्ष्य प्राप्त होते ही प्रधानमंत्री आवास के काम प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र में स्वीकृत गौशाला का निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण किया जाए। ताकि निराश्रित मवेशियों के पालन पोषण की समस्या का निराकरण हो ।

कलेक्टर सुशी मीना ने आंगनबाड़ी केंद्र हथनापुर और प्राथमिक स्कूल हथनापुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से क्षेत्र में कुपोषित बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं के टीकाकरण, पोषण और उपचार की भी जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का बेहतर संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण आहार का सुचारू रूप से वितरण किया गया। उन्होंने मतदान केंद्र प्राथमिक स्कूल हथनापुर में भी विशेष विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण गतिविधि अंतर्गत मतदाताओं के नाम जोड़ने की जानकारी ली और विशेष रूप से18 से 19 वर्ष आयु के नव मतदाताओं का नाम प्राथमिकता से जोड़ने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिवनी मालवा श्री प्रमोद गुर्जर, तहसीलदार श्री राकेश खजूरिया, जनपद सीईओ सिवनीमालवा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# आष्टा तहसीलदार एवं रीडर निलंबित

संभागायुक्त डॉ. शर्मा ने किया आष्टा तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण

जनसंपर्क भोपाल भोपाल संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में देरी के कारण सीहोर जिले के आष्टा के तहसीलदार और रीडर को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बुधवार को आष्टा एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही पाए जाने पर आष्टा तहसीलदार और रीडर के विरुद्ध यह कार्यवाही की गई है।उन्होंने आधार केन्द्र का भी निरीक्षण किया।



संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा ने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण में विलम्ब होने तथा नामांतरण बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व न्यायालय के प्रकरण समय सीमा में निराकरण नहीं करने तथा राजस्व संबंधी रिकार्ड का विधिवत संधारण एवं व्यवस्थित नहीं करने पर तहसीलदार श्रीमती नीलम परसेंडिया तथा रीडर श्री लखन सोलंकी को शासकीय कार्य मे घोर लापरवाही बरतने पर निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त डॉ. शर्मा ने एसडीएम श्री आनंद राजावत को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण कराएं तथा आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का भी त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

संभागायुक्त डॉ. शर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी कार्यों के लिए तहसील आने वाले आमजन को कोई परेशानी न हो। साथ ही उनकी शिकायतों एवं समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुना जाए और शीघ्र समाधान किया जाए।

## भोपाल जिले का ई-रूपी पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयन

जनसंपर्क भोपाल खाद्य एवं पोषण सुरक्षा दलहन योजनान्तर्गत किसानों को अनुदान की राशि सामग्री कय करने से पूर्व ई-रूपी वाउचर के रूप में प्राप्त हो सके, इसके लिए प्रदेश शासन द्वारा ई रूपी पायलट प्रोजेक्ट अन्तर्गत एवं भोपाल जिले के साथ ही आगर-मालवा का चयन किया गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत फसल प्रदर्शन के बीज घटक को छोड़कर शेष अन्य आदान सामग्री हेतु केश डीबीटी है। इसमें कृषकों को स्वयं सामग्री कय कर अनुदान हेतु बिल उप संचालक कार्यालय में जमा कर अनुदान प्राप्त करना होता है परन्तु इसमें समय अधिक लगने एवं अनुदान की राशि कम होने से अधिकांश किसानों द्वारा इसका उपयोग नहीं किया जाता है इस हेतु किसान को अनुदान की राशि सामग्री कय करने से पूर्व ई-रूपी वाउचर के रूप में प्राप्त हो सके अतः ई-रूपी पायलट प्रोजेक्ट लागु किया गया है। मूल रूप से यह एक डिजिटल प्रीपेड वाउचर है किसान द्वारा आदान सामग्री कय करने के उददेश्य से इसका उपयोग किया जा सकता है। कृषक किसी भी पंजीकृत विकेता से सामग्री कय करके ई-रूपी का उपयोग अनुदान राशि के भुगतान के लिए कर सकता है। यह एक कैशलेश आधारित पेमेंट करने का तरीका है, पायलट पाजेक्ट के लिए भुगतान हेतु दो घटक शामिल किए गए है जिसमें सूक्ष्म पोषक तत्व एवं तथा पौध संरक्षण औषधि शामिल है इसमें कृषकों के मोबाइल नंबर पर एस.एम. एस. के माध्यम से क्यु आर कोड कृषकों को प्राप्त होगा जो विकेता के समक्ष प्रस्तुत किया जाना होगा संबंधित कोड विकेता को देने पर ओ.टी.पी. कृषक को प्राप्त होगा जो विकेता को बताकर ई-वाउचर रिडिम हो सकेगा।

## जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान प्रारंभ



जनसंपर्क नर्मदापुरम ।अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता अभियान प्रारंभ कर दिया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय, एसडीएम कार्यालय गोटेगांव, ज़िला आयुष कार्यालय एवं चिकित्सालय परिसर व सहायक संचालक गन्ना कार्यालय में विशेष सफ़ाई अभियान किया गया। ज़िले में 21 जनवरी तक विशेष सफ़ाई अभियान चलाया जाएगा।


## बेचना है ।

हुन्डई वरना कार चालू हालत में सभी कागज कम्पलीट 2006 मॉडल बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

मो. 9425475498

## दुकान बेचना है

सीमेंट रोड स्थित काम्पलेक्स में 4 दुकानें बेचना है। कीमत 7000 रुपये वर्गफीट है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

सम्पर्क करें -मो. 9425708959

पंजीयन क्रमांक-70/1953-54

## पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धर्माथ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

✲पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
✲ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
✲ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
✲ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पायें ।।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पुरस्कार वितरण

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।** करेली अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में सी एम राइस स्कूल करेली में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार का वितरण शाला प्राचार्य संजीव पांडेय,शिक्षक राजेंद्र शर्मा,नीलोफर अंजुम,रश्मि कौरव,शिवानी लोधी के द्वारा किया गया,विद्यालय स्तर के आयोजन में शाला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा अंशिका पटेल दूसरा स्थान प्राप्त छात्र संदीप कहार तीसरा स्थान प्राप्त छात्रा लक्ष्मी विश्वकर्मा को प्रमाण पत्र,नकद राशि और गायत्री चालीसा भेंट कर पुरस्कृत किया गया,परीक्षा में विशेष सहयोग हेतु प्राचार्य महोदय,श्रीमती रजनी रैकवार, सोमनाथ पटेल को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया,कार्यक्रम का संचालन रामनारायण कौरव द्वारा किया गया।

-भागीरथ तिवारी

## सड़क दुर्घटना में शिवाजी का निधन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।** मंगलवार की रात्रि सडक दुर्घटना के कारण एक होनहार युवक का निधन हो गया। जानकारी अनुसार करेली–बस्ती आमगांव रोड पर जोबा तिराहे के पास एक अज्ञात वाहन एवं बाइक के टकराने से शिवाजी राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गया वहां से उसे करेली के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से उसे जबलपुर के हास्पिटल ले जाया गया लेकिन बचाया नहीं जा सका। घटना रात्रि में 10 बजे के आसपास की बताई जा रही है। अत्यंत दुखद पहलू यह है कि शिवाजी के दो अत्यंत छोटे–छोटे बच्चे है जिसने भी घटनाक्रम सुना वो हतप्रभ रह गया। शिवाजी लक्ष्मी नारायण वार्ड निवासी स्व. विजय सिंह भूरेभैया का पुत्र, राजेंद्र सिंह, चौधरी हीरेंद्र सिंह, कमल राजपूत का भतीजा था। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम करेली में किया गया। जहां उपस्थितजनों ने द्रवित मन से शोक संवेदनाये व्यक्त की।

-जितेन्द्र गुप्ता


**विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर**

हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108

**मिलने का स्थान –**

यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल,
प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें ।


# वर्धमान फैब्रिक्स बुधनी की जिला अस्पताल नर्मदापुरम को डेंटल ओ.पी.जी एवं मेडिकल उपकरणों की सौगात

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिला अस्पताल नर्मदापुरम में वर्धमान फैब्रिक्स, बुदनी द्वारा डेंटल ओ. पी.जी मशीन, 20 स्ट्रेचर, कंप्यूटर, यू.पी.एस, कार्ट्रि मशीन, एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन, हाइड्रोलिक ओ.टी टेबल आदि सी.एस.आर योजना के तहत उपलब्ध करवाएं गए है, जिसकी लागत लगभग 25.00 लाख रुपये है



नर्मदापुरम प्रदेश का पहला जिला अस्पताल जहां पर डेंटल ओपीजी की सुविधा जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम नागरिकों को आधुनिक चिकित्सा सुविधायें प्रदान करने का सतत प्रयास करता रहा है। इसी क्रम में डेंटल ओपीजी मशीन के रूप में एक नई सुविधा चिकित्सालय में आज से प्रारम्भ हो गई है। इस मशीन द्वारा अब एक ही एक्स रे में सभी दाँतों की रिपोर्ट देखी जा सकेगी। जिला अस्पताल के वरिष्ठ डॉ. राजेश माहेश्वरी के अनुसार ओपीजी या ऑर्थोपैंटोमोग्राम एक्स–रे को पैनोरमिक डेंटल एक्स–रे के नाम से भी जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि ओपीजी जाँच दांतों की चिकित्सा के लिये कई बार आवश्यक होती है, जिसे निजी चिकित्सालय में या कहीं अन्य जगह से जाँच कराना बहुत मंहगा पड़ता है।

इस संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. सुधीर विजयवर्गीय ने बताया कि एक ओपीजी एक्स–रे, दांतों, जबड़े की हड्डियों और आसपास के हिस्सों की तस्वीर सिर्फ एक ही फिल्म में उतारने के लिए उपयोग किया जाता है। यह दंत समस्याओं के निदान में मदद करता है और प्रत्यारोपण व ऑर्थोडोंटिक्स जैसी प्रक्रियाओं की योजना बनाने में सहायक होता है। ओपीजी एक द्वि–आयामी (टू डाइमेंशनल) दंत एक्स–रे और गैर–आक्रामक टेस्ट है। यह शरीर के आंतरिक ऊतकों की छवियों को लेने के लिए विकिरण की एक छोटी मात्रा का उपयोग करता है। एक्स–रे तकनीक सबसे अधिक इस्तेमाल में आने वाले और सबसे पुरानी चिकित्सा इमेजिंग तकनीक में से एक है।

जिला अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. मिलन सोनी ने बताया कि जबड़ा एक घोड़े की नाल के आकार की घुमावदार संरचना होती है, लेकिन एक्स–रे पर इसकी सपाट छवि बनती है, जिसे देख कर कई बार दांतों की समस्या ठीक से पता नहीं चल पाती है। जबकि ओपीजी टेस्ट दाँत के डॉक्टरों को विभिन्न चिकित्सीय परिस्थितियों का निदान करने में सहायता करता है. इस तरह के एक्स–रे के लिए फिल्म को मशीन के अंदर रखा जाता है, जबकि पारंपरिक एक्स–रे में फिल्म को मरीज के मुंह में रखा जाता है. डॉ. सोनी ने आगे यह भी बताया कि जबड़े में फ्रैक्चर, दांत की असामान्य स्थिति और हड्डी की अन्य असामान्यताएं, जबड़े का ट्यूमर और मुंह का कैंसर, अकल दाढ़ सहित अन्य प्रभावित दांत में दर्द का इलाज, एडवांस पेरियडोंन्टल रोग, जबड़े की हड्डी में सिस्ट, जबड़े के विकार, मसूड़े की बीमारी या दांत न होने की वजह से, जबड़े की हड्डी में क्षरण, दांतों की सड़न, विशेष रूप से भरे हुए दांत के नीचे या दो दांतों के बीच, दांत में संक्रमण, जिसमें मसूड़े की रेखा के नीचे या दांत के नीचे फोड़े शामिल हैं, हाइपरडोंटिया और हाइपोडोंटिया (आनुवंशिक रूप से बहुत अधिक या बहुत कम दांत होने की स्थिति), जबड़ा अपनी जगह पर न होना, आदि समस्याओं के निराकरण के लिये यह मशीन अत्यधिक उपयोगी है.

बुधवार को वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड के डायरेक्टर श्री एस.पाल एवं सिविल सर्जन डॉक्टर एस के विजयवर्गीय द्वारा एवं टी. सी गुप्ता जी की उपस्थिति मे उक्त सामग्री का लोकार्पण किया गया जिसमें मुख्य रूप से डॉ. रविंद्र गंगराड़े, डॉ. राजेश माहेश्वरी, डॉ. सुनील जैन, डेंटल सर्जन डॉ. मिलन सोनी, डॉ. रजनी कुशवाह, डॉ. दिव्या पटेल, डॉ सिद्धार्थ, साथ ही डॉ. एस. पाल, मध्य प्रदेश लोकेशन, श्री टी. सी. गुप्ता, महाप्रबंधक, वर्धमान फेब्रिक्स, श्री दिनेश के.टी., मुख्य प्रबंधक, श्री आर.के.सिंह, श्री दीपक कुमार, श्री शोएब मिर्ज़ा भी उपस्थित थे।

पूर्व मे भी जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम को मैकेनाइज्ड किचन, इंडस्ट्रियल लॉन्ड्री, वेंटिलेटर मोर्चरी एनालाइजर, ब्लड टेस्ट मशीन स्ट्रेचर उपलब्ध कराए जा चुके हैं।



**कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर**

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk
Autoclaved,
Aerated,
Concrete




मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री
वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध



**ब्लॉक साइज –**
लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- समृद्धि प्लास्टिक्स
- पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- LED लाईट्स
- कंस्ट्रक्शन केमिकल
- सुप्रीमो पानी की टंकिया
- RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- LED लाईट्स
- समस्त हार्डवेयर
- CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

**ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें**

**गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी** मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया

मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राईटर– आनंदा गट्टानी



**भारत स्टेशनरी**

जयप्रकाश शाला के पास पिपरिया मोबाईल –9406561805

**कापीयां, पुस्तक, पेन पेन्सिल, गाईड, स्कूल बैग स्टेशनरी के विक्रेता**

कम्प्यूईराइजड रबर स्टेम्प बनाई जाती है ।
फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है ।

# सीपीसीटी प्रशिक्षण हेतु आवेदन 16 जनवरी से 28 जनवरी 2024 तक आमंत्रित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । आगामी सीपीसीटी परीक्षा 16–17 मार्च –2024 के लिए के लिए प्रशिक्षण कोर्स कार्यालय कलेक्टर जिला ई–गवर्नेंस सोसाइटी नर्मदापुरम के अंतर्गत स्थापित ई–दक्ष केंद्र में आयोजित किया जा रहा है, जिसके लिए आवेदन 16 जनवरी 2024 से 28 जनवरी 2024, तक ई–दक्ष केंद्र नर्मदापुरम में कार्यदिवसों में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10.00 से शाम 05.00 बजे तक जमा किये जा सकेगें।

प्रशिक्षक ई दक्ष केंद्र श्री दुर्गेश सोलंकी ने बताया कि सीपीसीटी प्रशिक्षण सत्र जिसकी कुल अवधि 45 घंटे होगी, प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 होगी। प्रशिक्षण के लिए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क रूपए 1000/– जो कि आवेदक द्वारा जमा किया जाएगा।

रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज, जिनमें पासपोर्ट साइज़ फोटो, फोटो युक्त पहचान पत्र की छायाप्रति, उच्चतम शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची की छायाप्रति अनिवार्य होगें। प्रशिक्षण हेतु स्थान सीमित है इस हेतु अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति श्री दुर्गेश सोलंकी (9977262711) प्रशिक्षक, अखिलेश राजपूत (99264 29722)– दक्ष केंन्द्र नर्मदापुरम से संपर्क कर सकते हैं।

# राज्य स्तरीय जैवविविधत्ता क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

जनसंपर्क नर्मदापुरम । राज्य स्तरीय जैवविविधत्ता क्विज 2023 में नर्मदापुरम जिले की टीम शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा की छात्राएँ कु. मोनिका दामले, कु. निकिता धुर्वे एवं कु. निहारिका कुमरे ने ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता स्थल वनमण्डल अधिकारी कार्यालय जिला नर्मदापुरम में उपस्थित होकर सहभागिता की। यह प्रतियोगिता प्रदेश के सभी 52 जिलों में दोपहर 01 से 2रू30 बजे के बीज सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के समय शाला के शिक्षक श्री प्रकाश राजपूत, ईको क्लब प्रभारी, श्री अमर सिंह रघुवंशी जिला क्विज मास्टर एवं नोडल अधिकारी जैव विविधता क्विज तथा श्री मानसिंह मरावी उप वनमंडलाधिकारी फॉरेस्ट नर्मदापुरम के समक्ष छात्राओं ने ऑनलाइन क्विज दिया। श्री अनिल चोपड़ा वनमण्डलाधिकारी नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में पूरा कार्य संपादित हुआ। पूर प्रदेश की 52 टीमों में से चयनित प्रथम तीन टीमों को पुरस्कार प्रदाय किये जायेंगे। प्रथम पुरस्कार राशि रू. 30,000/–. द्वितीय पुरस्कार राशि रू. 21,000/– तथा तृतीय पुरस्कार राशि रू. 15,000/– नगद या खाते में प्रदान किये जायेंगे।


नित नई फैशन खुल गई ! खुल गई !! खुल गई !!!

बिना झिझक के खरीदे

**बिना झिझक के खरीदें -सिर्फ महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा**



आपके अपने पिपरिया शहर में महिलाओं द्वारा सिर्फ महिलाओं के लिए महिला अंग वस्त्रों की सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध हमारे यहां सभी प्रकार की फैंसी ब्रा, पेरिस ब्यूटी, टी नजर, शायोनारा, 16 प्लस, लबेबल, डिक्सी, सिम्पलैक्स और भी कम्पनियों के - बेडिंग स्पेशल दुल्हनों के शापी का शानवदार सम्पूर्ण पैकेज वार्डल ब्रा पेटी सेट, बडिल, गाऊन सेट, दुल्हन, गाऊन और भी बहुत कुछ दुल्हनों के लिए।

हमारे यहां जीन्स, टॉप, टी-शर्ट, स्टाल, लोअर, लेगी, सूट सेट, पिलाजो, नाईट गाऊन, गाऊन ए-1 गाऊन, कुर्ते, जेकिट

**परम्परा कलेक्शन**

दुकान नं. 6 जय प्रकाश शापिंग काम्पलेक्स, पिपरिया

मो. 8109570880, 9893570880


# इटारसी–सतना शटल पुनः शुरू करने की मांग

वरिष्ठ नागरिक मंच ने रेलवे को भेजी पाती

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।** 51673–516774 शटल ट्रेन को शुरू कराने के संदर्भ में लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष ताराचंद पाराशर, संयोजक डॉ. विश्वनाथ सोनी, सचिव टी.आर. सोनी ने अश्विनी वैष्णव रेलमंत्री रेल भवन नई दिल्ली, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड नई दिल्ली, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम कार्यालय प.म.रे. जबलपुर को पत्र लिखकर इटारसी जबलपुर रेल खाण्ड की गाडी संख्या 51673–516774 इटारसी सतना शटल पैसेन्जर चालू कराने का आग्रह किया है कि इटारसी सतना के बीच शटल ट्रेन कोरोना महामारी के समय में सभी ट्रेनो के बंद कर दी गई थी। कोरोना समाप्त होने के बाद बंद की गई सभी ट्रेने पुनः चालू की गई किन्तु इटारसी सतना शटल अभी तक बंद है जिसे चालू करने के लिए इस रेल खण्ड के जनप्रतिनिधि, नागारिक, विभिन्न संगठनों, व्यापारियों, पत्रकारों छात्रों द्वारा लगातार रेल विभाग के उच्च अधिकारियों को मांग पत्र भेजे गये है, परन्तु रेल विभाग द्वारा शटल ट्रेन प्रारंभ नही की जा रही है जिससे नागरिकों में जन आन्दोलन की भावना उत्पन्न होने की स्थिति बन रही है। जैसा कि आप अवगत है कि संविधान महासभा के पूर्व सांसद स्व. श्री हरिविष्णु जी कामथ के प्रयासों से सतना इटारसी आरम हुई थी। इटारसी सतना ट्रेन से रेल की छोटी स्टेशनों से हजारों रेल यात्रियों का आना जाना होता है। रेल प्रशासन से अनुरोध है कि जनहित में सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेकर गाड़ी संख्या 51673–516774 इटारसी सतना शटल पैसेन्जर शीघ्र प्रारभ कराने में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करे। -जितेन्द्र गुप्ता

# रिक्त पदों की पूर्ति के लिए काउंसलिंग आज

जनसंपर्क नर्मदापुरम राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार 21 जनशिक्षक एवं 12 बीएसी के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए काउंसलिंग 18 जनवरी 2024 को कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र नर्मदापुरम में आयोजित की जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि काउंसलिंग आमंत्रण की सूचना तथा सहमति संबंधी जानकारी तथा वरीयता प्राप्त सूची समस्त बीआरसी एवं सर्व संबंधित लोक सेवकों को भेजी जा चुकी है।

# भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम के तहत जिले भर में निकाली जा रही कलश यात्राएं

मंदिरों में की जा रही साफ सफाई और साज सज्जा

जनसंपर्क नर्मदापुरम । अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में "मेरा गांव मेरी अयोध्या" अभियान अंतर्गत परामर्शदाता प्रिंस बेलवंशी के मार्गदर्शन में ग्राम मर काढाना में प्रभात फेरी तथा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के माध्यम से 22 तारीख को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही मंदिरो की साफ सफाई और साज सजावट की गई। 22 जनवरी को ग्राम में रामायण पाठ का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसमे समस्त नवांकुर संस्थाएं परामर्शदाता एवं समस्त बीएसडब्ल्यू तथा एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी आमंत्रित रहेगें। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदा पुरम के द्वारा समस्त जिले में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत 12 तारीख से 22 तारीख तक मेरा गांव मेरी अयोध्या अभियान अंतर्गत मंदिर परिसरों में साफ सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री एसएस रावत के निर्देश पर सभी सातों विकास खंड में चलाया जा रहा है। जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति, विभिन्न सामाजिक संगठन,धार्मिक संगठन,सीएमसीएलडीपी छात्रों के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है।




करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।

नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाकर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।

साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।

**न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर**

3-4 ललित आर्केड, मीठी गली , पिपरिया

**बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन**

फोन- 222664, 224664

अधिकृत विक्रेता | My Cem Cement

**श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया**

पिपरिया में भोपाल मूल्य पर कम्प्यूटर प्राप्त करें।

सेल्स एंड सर्विसेस 5/9/2019 से चालू

**शुभ एसोसिएट्स**

●ब्राण्डेड कम्प्यूटर ●कम्प्यूटर असेम्बलिंग ● पुराने कम्प्यूटर अपग्रेडिंग ● सेकेन्ड हेण्ड कम्प्यूटर उपलब्ध ● कम्प्यूटर रिपेयरिंग ●कम्प्यूटर नेटवर्किंग ●मासिक चार्ज पर रखरखाव ●कम्प्यूटर पार्ट्स एवं एसेसरीज ●सभी प्रकार के प्रिंटर सेल्स एवं रिपेयरिंग ● सभी प्रकार के टोनर की रिफिलिंग।

पता- मस्जिद के सामने, मंगलवारा बाजार, पिपरिया

मो. 9981573050

intel inside | ASUS | COMPAQ | HCL | HEWLETT PACKARD

## भोपाल में नहीं रुक रहा आवारा कुत्तों का आतंक, एक ही दिन में 40 लोगों को काटा अस्पतालों में लगी मरीजों की भीड़

मंगलवार को एक बार फिर से शहर के अलग – अलग क्षेत्रों में 41 लोगों को श्वानों ने अपना शिकार बनाया। इसमें मिसरोद के सलैया इलाके में 2 युवकों को श्वान के झुंड ने काटा लिया।



भोपाल। हाल ही में मध्यप्रदेश के भोपाल में अयोध्या नगर के मीनाल रेसीडेंसी में साढ़े माह के मासूम की श्वानों ने नोच – नोचकर मार डालने की दर्दनाक घटना सामने आई थी। इस घटना के बाद से कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। मंगलवार को एक बार फिर से शहर के अलग – अलग क्षेत्रों में 41 लोगों को श्वानों ने अपना शिकार बनाया। इसमें मिसरोद के सलैया इलाके में 2 युवकों को श्वान के झुंड ने काटा लिया। बड़ी संख्या में श्वानों की वजह से जेपी अस्पताल में मरीजों की भीड़ लग गई। लोगों को घाव साफ कराने और इंजेक्शन लगाए जाने के लिए लंबी–लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ा। श्वानों का शिकार लगातार छोटे बच्चे भी होते जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार अकेले जेपी अस्पताल में मंगलवार को 130 लोगों को रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए हैं। इनमें से 30 नए श्वानों के द्वारा काटे जाने के मामले हैं। जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डा. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे यहां हर रोज श्वान को काटने के बाद लगने वाले इंजेक्शन की संख्या सौ के करीब होती है। नए केस हर रोज 15 से 25 तक आ रहे है। वहीं हमीदिया और एम्स अस्पताल में श्वान के काटने के इंजेक्शन लगाए गए हैं।

बता दें इस घटना के बाद से ही नगर निगम आवारा कुत्तों को पकड़ने की मुहिम चला रहा है। महापौर मालती राय ने इस समस्या को देखते हुए मंगलवार को अफसरों की बैठक बुलाई, जिसमें निगम कमिश्नर नोबल फ्रैंक, एमआईसी मेंबर आरके सिंह बघेल समेत अन्य अधिकारी भी शामिल थे। महापौर ने कहा कि हर रोज 20 से 30 नसबंदी की जा रही हैं, लेकिन यह समस्या बढ़ रही है और इसे निगम कार्रवाई से ही नहीं रोका जा सकता।

इसके साथ ही महापौर ने लोगों से अपील की है कि वे अपने पालतू कुत्तों को पिंजरे में रखें ताकि ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें। उन्होंने बताया कि शहर में व्यापक स्तर पर कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है, और पेट लवर्स के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

महापौर ने हेल्पलाइन पर आई शिकायतों की सुनवाई की भी जानकारी दी, जिसमें 321 शिकायतें शामिल हैं। इस पर उन्होंने निगम अधिकारियों को डॉग पकड़ने की टीम बढ़ाने के लिए आदेश दिया है। इस समस्या का समाधान तात्कालिक और प्रभावी होना चाहिए, ताकि लोगों की सुरक्षा की जा सकें।

-हम समवेत

# मुख्यमंत्री गौसेवा योजनांतर्गत जिले में गौशालाओं को राशि का वितरण

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मुख्यमंत्री गौसेवा योजनांतर्गत जिले में संचालित 15 गौशालाओं को गौवंश के भरण–पोषण के लिए मध्यप्रदेश गौपालन एवं पशु संवर्धन बोर्ड भोपाल से 19 लाख 54 हजार रूपए तीन माह अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2023 के लिए भूसे चार के लिए तथा जिले में संचालित 5 निजी अशासकीय गौशाला को भूसे चारे के लिए 16 लाख 95 हजार 1 रूपए तथा 515 स्वर्णदाना पशु आहार बैग के लिए 5 लाख 63 हजार 925 रुपए इस प्रकार कुल 22 लाख 58 हजार 926 रुपए का वितरण जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष गौपालन एवं गौसंवर्धन समिति नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा किया गया है।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष गोपालन एवं गौसंवर्धन समिति नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा निर्देश दिए गये है कि गौशालाओं का संचालन निर्धारित मानक मापदंडो के मुताबिक हो, सक्षम अधिकारी गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करे साथ ही गौशालाओं में साफ–सफाई का ध्यान रखा जाए। कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष गौपालन एवं गौसंवर्धन समिति नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने सर्वसंबंधितों को यह भी निर्देश दिए है कि वे गौशाला का नियमित भ्रमण करे, पुलिस द्वारा गौवंश पकड़े जाने वाले स्थान पर संबंधित विकासखंड के पशु चिकित्सक तत्काल मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्यवाही करे तथा तत्संबंधी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें नर्मदापुरम ने बताया है कि अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं को, माह अक्टूबर से दिसम्बर 2023 तक के लिए श्री सदगुरू कृपा गौशाला बारीदेवी पिपरिया के लिए 4 लाख 33 हजार 908 रूपए, भाउ साहब स्मृति लोकन्यास गोविंद नगर पोस्ट पालिया बनखेड़ी के लिए 2 लाख 21 हजार 640 रूपए, महर्षि दयानंद गौरक्षिणी सभा आर्ष गुरूकुल नर्मदापुरम के लिए 1 लाख 461 रूपए, भगवान बलराम गौसदन एवं शोध संस्थान खौरीदीवान बाबई के लिए 1 लाख 28 हजार 787 रूपए एवं आचार्य विद्यासागर दयोदय गौशाला भादूगांव बादखोह के लिए 13 लाख 74 हजार 130 रूपए। इस तरह कुल उक्त समस्त गौशालाओं के लिए कुल 22 लाख 58 हजार 926 रूपए आवंटित किये गये हैं।

इसी तरह से जिले की मुख्यमंत्री गौसेवा योजनांतर्गत संचालित गौशालाओं को गौवंश के भरण पोषण के लिए माह अक्टूबर से माह दिसम्बर 2023 के लिए नंदनी गौशाला रंढाल के लिए 1 लाख 6 हजार 662 रूपए, श्री ग्वाल बाबा गौशाला बाईखेड़ी के लिए 1 लाख 34 हजार 247 रूपए, सांगाखेड़ा गौशाला के लिए 1 लाख 10 हजार 340 रूपए, जावली गौशाला के लिए 1 लाख 19 हजार 535 रूपए, गोपाल कृष्ण गौशाला जिजवाड़ा के लिए 82 हजार 905 रूपए, नंदनी गौशाला सिटियागोहना के लिए 1 लाख 2 हजार 984 रूपए, श्री कृष्णा गौशाला समिति शोभापुर के लिए 1 लाख 80 हजार 222 रूपए, श्री कृष्णा गौशाला समिति हतवास के लिए 1 लाख 83 हजार 900 रूपए, श्री कृष्णा गौशाला समिति बांसखेड़ा के लिए 22 हजार 780 रूपए, वाचावानी गौशाला के लिए 58 हजार 968 रूपए, भीलटदेव गौशाला समिति नीमनपुर के लिए 1 लाख 93 हजार 95 रूपए, देवकी नंदन गौशाला समिति अमलाड़ाकला के लिए 1 लाख 93 हजार 95 रूपए, शासकीय कामधेनु गौशाला सोयत के लिए 2 लाख 22 हजार 519 रूपए, केसला गौशाला समिति के लिए 91 हजार 950 रूपए एवं जमानी गौशाला समिति के लिए 1 लाख 50 हजार 798 रूपए इस तरह उक्त समस्त गौशालाओं को गौवंश के भरण पोषण के लिए कुल 19 लाख 54 हजार रूपए की राशि जारी की गई है।

**मकान किराये से देना है**

आनंद बाग कालोनी में स्थित मकान डॉ. गुप्ता के पास सांडिया रोड सर्वसुविधायुक्त मकान किराए से देना है। शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता

18/1 सम्पर्क मो-9827329429, 9131640281

विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम

**श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स**

(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)



हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है।



असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।

सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया

प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

**पानी की किल्लत से छुटकारा.......**

अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें। पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम

4" से 24" ट्यूबवेल बोरिंग, पाईप, सबमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान



**महावीर पाइप्स**

गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया

मो. 9425040827, 9806593136

# क्या आप इस संसद को पहचानते हैं

☐–कुमार प्रशांत

लगभग साढ़े सात दशक पहले हमने अपने लिए संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली का चयन किया था और उसे ठीक–ठाक चलाए रखने के लिए संविधान बनाया था, लेकिन क्या वे उतने कारगर बचे हैं जितने उन्हें बनाते हुए हमने सोचा था? संसद में जो हो रहा है उसे कितना लोकतांत्रिक और संवैधानिक कहा जा सकता है? प्रस्तुत है, इसी की पड़ताल करता कुमार प्रशांत का यह लेख। संपादक

कांग्रेसमुक्त भारत बनाने की बदहवास होड़ को यही रास्ता पकड़ना था। देश भी तेजी से कांग्रेसमुक्त हो रहा है; संसद भी विपक्ष मुक्त हो गई है। संविधान में ऐसी मुक्ति की कोई कल्पना नहीं है। वहां तो संसदीय लोकतंत्र का आधार ही पक्ष–विपक्ष दोनों हैं। विपक्ष अपने कारणों से चुनाव न जीत सके तो वह जाने, लेकिन जो और जितने जीतकर संसद में पहुंचे हैं, उन्हें पूरे अधिकार व सम्मान के साथ संसद में रखना सत्तापक्ष का लोकतांत्रिक दायित्व है। लोकसभा का अध्यक्ष इसी काम के लिए रखा जाता है कि वह संसदीय प्रणाली व सांसदों की गरिमा का रक्षक बनकर रहेगा।

2014 के बाद से संसद का सामान्य शील भी खत्म हो गया और इसे विपक्ष ने नहीं, सत्तापक्ष ने खत्म किया। सबसे पहले तो प्रधानमंत्री ने ही घोषणा कर दी कि हमारा विपक्ष देशद्रोही, राष्ट्रीय एकता का दुश्मन, भ्रष्टाचारी तथा विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना है। विपक्ष के लिए जवाहरलाल से मनमोहन सिंह तक, किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं कहा था। बहुमत से सरकार बनाने वाले प्रधानमंत्री को विपक्ष को ऐसा कहने की जरूरत क्यों पड़ी? इसलिए कि वे भयग्रस्त मानसिकता से घिरे थे; घिरे हैं। उन्हें पता है कि यह जो सत्ता हाथ आई है, उसके पीछे आत्मबल नहीं, तिकड़में हैं और तिकड़म का चरित्र ही यह है कि वह कब छल कर जाए, आपको पता भी नहीं चलता।

ऐसे में रणनीति यह बनती है कि हर विपक्ष व असहमति को इतना गिरा दो, पतित कर दो कि उसके उठने की संभावना ही न बचे। विपक्ष, संवैधानिक संस्थाओं, स्वतंत्र जनमत, मीडिया, राज्य सरकारों आदि का ऐसा श्रीहीन अस्तित्व पहले कभी नहीं था। विपक्ष, जिसने 60–65 सालों तक देश चलाया है, अगर देशद्रोही, भारत का दुश्मन, विभाजनकारी ताकतों का सफरमैना तथा भ्रष्टाचारियों का सरदार होता, तो क्या आपको वैसा देश मिलता, जैसा मिला? आप चुनाव जीत सके, यही इस बात का प्रमाण है कि विपक्ष पर लगाए आपके आरोप बेबुनियाद हैं। विपक्ष दूध का धुला है, ऐसा कोई नहीं कहेगा, लेकिन आपका दूध शुद्ध है, ऐसा भी तो कोई नहीं कहता।

आप यह जरूर कह सकते हैं कि आजादी के बाद से अब तक विपक्ष ने जैसी सरकारें चलाईं, जैसा समाज बनाया उससे भिन्न व बेहतर सरकार व समाज हम बनाएंगे। आपको यह कहने का अधिकार भी है व उसका आधार भी है, क्योंकि आपने सारे देश में एकदम भिन्न विमर्श खड़ाकर अपने लिए चुनावी सफलता अर्जित की है, लेकिन देश आजाद ही 2014 में हुआ, ऐसा विमर्श बनाना व सत्ता की शक्ति से उसे व्यापक प्रचार दिलाना दूसरा कुछ भी हो, स्वस्थ्य लोकतंत्र की जड़ में मट्ठा डालने से कम नहीं है। अब यह राजनीतिक शैली दूसरे भी सीख चुके हैं। वे भी इतनी ही कटुता से स्तरहीन विमर्श को बढ़ावा दे रहे हैं। लोकतंत्र में सार्वजनिक विमर्श का सुर व स्तर सत्तापक्ष निर्धारित करता है, विपक्ष उसका अनुशरण करता है। संसद जिस स्तर तक गिरती है, देश का सार्वजनिक विमर्श भी उतना ही गिरता है।

संसद के दोनों सदनों में अध्यक्ष का पहला व अंतिम दायित्व एक ही है – सदस्यों का विश्वास हासिल कर उनका संवैधानिक संरक्षण करना। प्रत्यक्ष या परोक्ष पक्षपात नैतिक पकड़ कमजोर करता है। 2014 से यह लगातार जारी है। यह सच छिप नहीं सकता कि विपक्ष संख्याबल में कमजोर है जिसे आप बराबरी का अधिकार व अवसर न देकर लगातार कमजोर करते जा रहे हैं। आपके ऐसे रवैये से विपक्ष का जो हो सो हो, सदन लगातार खोखला होता जा रहा है। वहां व्यक्तिपूजा, नारेबाजी, जुमलेबाजी तथा तथ्यहीनता का गुबार गहराता जा रहा है। ऐसी संसद, न तो सदन के भीतर और न बाहर, लोकतंत्र को मजबूत व समृद्ध कर सकती है। संविधान इस बारे में गूंगा नहीं है भले हम उसकी तरफ से मुंह फेरकर, निरक्षर व 'सूरदास' बन गए हैं। सांसदों के निलंबन अनुशासन के नाम पर किए गए हैं। अचानक इतने सारे अनुशासनहीन सांसद कहां से आ गए? पहले से सब ऐसे ही थे तो अब तक सदन चल कैसे रहा था? पहले से नहीं थे तो इन्हें अनुशासनहीन बनाने की स्थिति किसने पैदा की? हर निलंबित सदस्य दोनों अध्यक्षों की क्षमता और उनकी मंशा पर सवाल खड़े करता है। संसदीय लोकतंत्र के प्रति आपकी प्रतिबद्धता कैसी है, यह कैसे आंकेंगे हम? आपके व्यवहार से ही न ! विपक्ष के इतने सारे सदस्यों को निलंबित कर देने के बाद संसद में लगातार संवेदनशील बिल पेश किए जाते रहे, पारित भी किए जाते रहे, तो यह मंजर ही घोषणा करता है कि संसदीय लोकतंत्र का कोई शील आपको छू तक नहीं गया है।

विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के अलावा कोई रास्ता ही नहीं था, सत्तापक्ष का ऐसा तर्क मान भी लें तो संसदीय लोकतंत्र की भावना के अनुरूप यह तो किया ही जा सकता था कि इतने निलंबन के बाद संसद की बैठक स्थगित कर दी जाती और विपक्ष के साथ नये सिरे से विमर्श किया जाता कि अब संसद का काम कैसे चलेगा? संसदीय लोकतंत्र का एकमात्र संप्रभु मतदाता है, जिसने वह संविधान रचा है जिससे आप अस्तित्व में आए हैं। उसने जैसे आपको चुनकर संसद में भेजा है वैसे ही उसने विपक्ष को भी चुनकर संसद में भेजा है। दोनों की हैसियत व अधिकार बराबर हैं और दोनों के संरक्षण की संवैधानिक जिम्मेवारी अध्यक्षों की है। इसलिए अध्यक्षों को यह भूमिका लेनी चाहिए थी कि भले किसी भी कारणवश इनका निलंबन हुआ हो, इनको चुनने वाले मतदाता का अपमान हम नहीं कर सकते, सो संसद स्थगित की जाती है।

ऐसा होता तो अब्दुल हमीद 'अदम' की तरह दोनों अध्यक्ष इस परिस्थिति को एक सुंदर मोड़ दे सकते थे कि "शायद मुझे निकाल के पछता रहे हों आप, महफिल में इस खयाल से फिर आ गया हूं मैं।'' इसकी जगह ऐसा रवैया अपनाया गया कि जैसे बिल्ली के भाग से छींका टूटा हो। क्या अब संसद में कौन रहेगा, इसका फैसला मतदाता नहीं, संसद का बहुमत करेगा? यह संविधान की लक्ष्मण–रेखा का उल्लंघन है। यह तो नई ही स्थापना हो गई कि विपक्ष–विहीन संसद वैध भी है और हर तरह का निर्णय करने की अधिकारी भी। फिर संसद की कैसी तस्वीर बनती है और संविधान का क्या मतलब रह जाता है? इसका जवाब इस संसद के पास तो नहीं है। (सप्रेस)

☐ श्री कुमार प्रशांत लेखक और 'गांधी शांति प्रतिष्ठान' के अध्यक्ष हैं।

**प्लाट के रेट में मकान**

पचमढ़ी रोड पर मेन रोड से 100-150 फुट अन्दर पक्का बना हुआ लगभग 30 x 90 में बेचना है। कीमत एक हजार रुपया वर्गफुट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। मो. 9425708959

28 अप्रैल से ....



**गोपी गहना**

चांदी, सोना के आभूषण विक्रेता

अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास पुलिया के सामने पहली दुकान।

फोन–(07576) 220502, मो. 9425475981, 7693075981

**प्लाट बेचना है**

पचमढ़ी रोड, पुरोहित हरिसुमन गार्डन के बाजू में 60 x 52 = 3120 वर्ग फुट प्लाट 60 फुट लम्बा 52 फुट चौड़ा प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें।

सम्पर्क मो- 9754651125, 9754512231

ए.एस. खुराना
बी.एस.सी./डी.ओ.आर.

मो. 7747022369
8871443275

**मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स**

हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।

एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

अल्ट्राटेक सीमेंट    अल्ट्राटेक सीमेंट    अल्ट्राटेक सीमेंट

**राज ट्रेडर्स**

कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया

मो. 9806969697, $ 9893692487, 9644200339

होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध

लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड

डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए

ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

# दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा जिले में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, हर घर जलेंगे दीप

### जिले में 16 से 22 जनवरी तक आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

### राम कीर्तन, कलश यात्रा, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अनेक गतिविधियां होंगी आयोजित

### मंदिरों में की जाएगी साफ सफाई, साज सज्जा और लाइटिंग

### जनप्रतिनिधियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ प्रशासन ने ली बैठक

जनसंपर्क नर्मदापुरम । अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में जिले में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आयोजित गतिविधियों की रूपरेखा तैयार किए जाने के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय नर्मदापुरम में जनप्रतिनिधियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के साथ जिला प्रशासन की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर श्री विजयपाल सिंह, विधायक पिपरिया श्री ठाकुर दास नागवंशी, विधायक सिवनीमालवा श्री प्रेम शंकर वर्मा, श्री माधवदास अग्रवाल, श्री पीयूष शर्मा, आचार्य गोपाल प्रसाद खड्डर तथा कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र कुमार सिंह, सहित सभी नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं धार्मिक संगठनों से प्राप्त सुझाव के आधार पर निर्णय लिया गया कि समन्वित प्रयासों से जिले में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रमुख मंदिरों में साफ सफाई, साज सज्जा के साथ भजनसंध्या रामलीला, रामकीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में टीवी के माध्यम तथा नगरीय क्षेत्रों के मुख्य कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। आवेदनकर्ताओं को पटाखा लाइसेंस भी जारी किए जाएंगे। इस दौरान नगरीय क्षेत्र में लगने वाली पटाखा एवं पूजन सामग्री की दुकानों से कर वसूला नहीं जाएगा। स्कूलों और कॉलेज में निबंध, पेंटिंग, क्विज आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अनुविभाग स्तर पर भी एसडीएम द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा जिले के नागरिकों से आग्रह किया कि आयोजित गतिविधियों में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। हर व्यक्ति को आयोजित गतिविधियों से जोड़ा जाए। बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 जनवरी से 22 जनवरी, 2024 तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन होगा। जिले के समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किए जायेंगे। हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जागृत कर प्रभात फेरिया एवं कलश यात्राएं निकाली जाएगी। जिले के नगरों तथा ग्रामों में राममण्डलियों को स्थानीय कार्यक्रम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जिले के मुख्य मंदिरों में टी०व्ही० स्क्रीन लगाकर अयोध्या के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाए। मंदिरों में आयोजनों में आमजनों की सहभागिता के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न धर्मगुरूओं से समन्वय कर प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट/समिति के द्वारा भण्डारों का भी आयोजन किया जाएगा।

जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट / समिति के माध्यम से आमजन के लिए आयोजित किए जाएगा।

सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से दिनांक 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई का अभियान चलाया जाएगा। साथ ही सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूलों एवं कालेजों में भी साज-सज्जा की जाएगी।

जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी, 2024 (एक सप्ताह) तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। 21 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी (लाइटिंग) की व्यवस्था की रहेगी। 19 से 21 जनवरी, 2024 तक संस्कृति विभाग द्वारा श्रीरामचरित लीला समारोह कार्यकम सेठानी घाट पर आयोजित होगा। इन कार्यक्रमों में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्गो से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मान / स्वागत की व्यवस्थाएं स्थानीय निकायों तथा स्थानीयजनों के माध्यम से किया जाएगा।

## 230 छात्राओं के बनाए गए निशुल्क ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मंगलवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा नर्मदापुरम शहर के स्थानीय होम साइंस कन्या महाविद्यालय में निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप लगाया गया, जिसमे बड़ी संख्या में छात्राएं उत्साह के साथ शामिल हुई, तथा अपने – अपने नि शुल्क बनाए जा रहे लाइसेंस के लिए आवेदन किए, बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं में से 230 छात्राओं का निशुल्क लर्निंग लाइसेंस बनाया गया, इस निशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैंप में आरटीओ श्रीमती निशा चौहान, महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती कामिनी जैन,समस्त प्राचार्यगण, आरटीओ स्मार्ट शाखा से सौरभ दीवान के साथ समस्त टीम मौजूद रही।

# गीतोपनिषद

भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को इन्द्रिय और विषयों के संयोग उत्पत्ति और विनाशशील और अनित्य है । इसलिये सहन करने को कहते हैं । इसके सहन करने से क्या लाभ होगा ? इस जिज्ञासा पर कहते हैं -

यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषं पुरुषर्षभ ।
समदुःख सुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते ।।15।।

हे पुरुष श्रेष्ठ ! दुःख-सुख के समान समझने वाले जिस धीर पुरुष को ये इन्द्रिय और विषयों के संयोग व्याकुल नहीं करते, वह मोक्ष के योग्य होता है । ।।15।।

परमात्मा की प्राप्ति के पात्र को 'धीर' कहा जाता है । यहां सांख्ययोग के साधन में परिपक्व स्थिति में पहुंचे हुए साधक को 'धीर' शब्द से वाचित किया है ।

नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः ।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्वदर्शिभिः ।।16।।

असत् वस्तु की तो सत्ता नहीं है और सत् का अभाव नहीं है । इस प्रकार इन दोनों का ही तत्व तत्वज्ञानी पुरुषों द्वारा देखा गया है । ''असतः'' पद यहां परिवर्तनशील शरीर इन्द्रिय और विषयों सहित समस्त जड़ वर्ग का वाचक है और इसकी कोई सत्ता नहीं है । ''सतः'' यह पद यहां परमात्मतत्व का वाचक है जो सर्वव्यापी और नित्य है । उसका अभाव नहीं है ।

सत् सदा एकरस, अखण्ड और निर्विकार रहता है । इसलिए यदि तुम आत्मरूप से भीष्मादि के नाश की आशंका करके शोक करते हो, तो भी तुम्हारा शोक करना उचित नहीं है ।

**मनोज कुमार पांडेय (संस्कृताध्यापक)**
शास. कन्या उ.मा. वि. पिपरिया
मो. 9926437890

## विशेष जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन 17 जनवरी एवं 19 जनवरी को

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा वर्ष 2019 एवं 2020 के चयनित अभ्यर्थियों को माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन श्री मोहन यादव द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में चयनित अभ्यर्थियों के लिए विशेष जिला मेडिकल बोर्ड का आयोजन 17 एवं 19 जनवरी को किया जाएगा। विशेष जिला मेडिकल बोर्ड के लिए अभ्यर्थियों को अभीमत सहित प्रमाण पत्र उक्त दिनांक को कार्य दिवस में अनिवार्य रूप से दिया जाएगा। उक्ताशय में अभ्यर्थियों को कार्यालय में दोपहर 1.00 से पूर्व अपनी उपस्थिति देनी होगी। 1.00 बजे के पश्चात चिकित्सालय में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को अगले कार्य दिवस के लिए सूचना दी जाएगी। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक नर्मदापुरम डॉक्टर एस. के विजयवर्गीय मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष होंगे इनकी अनुपस्थिति में सर्जिकल विशेषज्ञ डॉक्टर आर गंगराड़े मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष का पद संभालेंगे।

रंगीन फोटो कापी मल्टीकलर प्रिंटिंग
अब चाहे एक कापी हो या हजार या ज्यादा
कम कीमत में तुरन्त तैयार
रंगीन बर्थ डे कार्ड, शादी कार्ड, मानपत्र, स्टीकर, लेटर पैड
कैलाश प्रिंटिंग प्रेस
सांडिया रोड, पिपरिया मो. 9425475451

द्वारका स्वीटस् एवं चाट सेंटर

डोसा, इडली, बड़ा साबर समौसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां


ताजी लस्सी

(पुड़ी सब्जी-गरमा गरम)

।। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

ऋषि चिंतन के सान्निध्य में

## आध्यात्मिकता की कसौटी

कोई भी मनुष्य इसलिए बड़ा नहीं कि वह अधिक से अधिक सांसारिक पदार्थों का उपभोग कर सकता है। अधिक से अधिक ऐश्वर्य जुटाने वाले तो बहुधा लुटेरे होते हैं। वे संसार को जितना देते हैं, उससे कहीं अधिक उससे छीन लेते हैं।

हम मनुष्य की सेवा-शक्ति को दृष्टि में रखकर ही उसे महान नहीं कह सकते। उसकी महानता की कसौटी यह नहीं हो सकती, क्योंकि इसके द्वारा परखे जाने पर तो अनेक पशु-पक्षी भी उसकी श्रेणी में अ विराजेंगे। सभी जानते हैं कि चूहे, श्रृगाल, सूअर, कुत्ते, कौए, गिद्ध आदि पशु-पक्षी भी सड़े-गले और मल-मूत्रादि पदार्थों को खाकर वातावरण को शुद्ध कर देते हैं। यह भी प्रकट है कि सड़े-गले पदार्थों को शीघ्र ही हटा देने का जो उत्साह इन पशु-पक्षियों में पाया जाता है, वह प्रायः हम मनुष्य कहलाने वालों में भी नहीं पाया जाता। अतएव न तो कर्म का परिणाम और न कर्मोत्साह ही महानता की कसौटी हो सकता है। अतः मनुष्य की परख उसके कार्य के परिमाण से नहीं, किन्तु उस कार्य को प्रेरणा देने वाली भावनाओं से की जानी चाहिए। जैसा मनुष्य का भाव हो, उसे वैसा ही समझना चाहिए। भगवान कृष्ण ने भी तो कहा है 'सभी मनुष्यों की भावना (श्रद्धा) उनके अंतःकरण के अनुरूप होती है। इसलिए जो पुरुष जैसी श्रद्धा वाला है, वह स्वयं भी वही है।'

-अखण्ड ज्योति- फरवरी 1948 पृष्ठ-9

## पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को प्रशिक्षण देकर किया जा रहा आत्मनिर्भर

जनसंपर्क नर्मदापुरम नर्मदापुरम जिले में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के द्वारा संचालित महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा पिपरिया में सेल्स एसोसिएट प्रशिक्षण 20 महिलाओं को निशुल्क दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के शुभारंभ में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के परियोजना प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर उपस्थित रहकर प्रशिक्षुओं का उत्साह वर्धन किया गया साथ ही सभी प्रशिक्षुओं से चर्चा भी की । इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के अर्चना दास के द्वारा बताया गया कि इस परियोजना नवंबर 2021 से पचमढ़ी संकुल में चलाई जा रही है जिसमें पर्यटन स्थल पचमढ़ी, मढई एवं तवा में महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। महिलाएं प्रशिक्षण लेकर मड़ई में जिप्सी चलाने के साथ ही तवा में गाइड एवं पचमढ़ी में विभिन्न होटल में हाउसकीपिंग रिसेप्शनिस्ट वेटर का काम भी कर रही हैं। महिला पर्यटक जब इन पर्यटन स्थल पर पहुंचते हैं तो पर्यटन स्थल में महिला सेवा प्रदाता को देखकर अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। जोकी परियोजना का मुख्य उद्देश्य है।इस उद्देश्य के साथ 50 पर्यटन स्थल में यह परियोजना चलाई जा रही है, सेल्स एसोसिएट के प्रशिक्षण लेकर 20 महिलाएं पिपरिया के माल एवं बड़े–बड़े दुकान में रोजगार कर पाएंगे। ऐसे ही प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलायें आत्मनिर्भर बन रही है और परिवार और समाज मे अपना सम्मान भी हासिल कर रही हैं।


AYUSHI MUSIC ACADEMY

No Age Limit Contact-Mob. 968598919, 7773097251

INDIAN CLASSICAL | SINGING CLASSICAL

SEMI CLASSICAL | BHAJAN

BOLLYWOOD ETC | DANCE CLASS

Sangeet Shikshak -



Ayushi Purohit ( M.A Music)



Aakash Sir ( B.A Music)

Affiliated to Prayag Sangeet Sansthaan Allahabad

Instrument Classes-Harmonium-Tabla-Dholak-Guitar-Keyboard-etc

Pachmarhi Road Above Parmgeeta Lodge Pipariya (M.P.)


कहानी

# क्यों चढ़ाते है शनि देव को तेल, क्या रखे सावधानी?




प्राचीन मान्यता है की शनि देव की कृपा प्राप्त करने के लिए हर शनिवार को शनि देव को तेल चढ़ाना चाहिए। जो व्यक्ति ऐसा करते है उन्हें साढ़ेसाती और ढय्या में भी शनि की कृपा प्राप्त होती है। लेकिन शनि देव को तेल क्यों चढ़ाते इसको लेकर हमारे ग्रंथो में अनेक कथाएँ है। इनमे से सर्वाधिक प्रचलित कथा का संबंध रामायण काल और हनुमानजी से है।

कथा इस प्रकार है शास्त्रों के अनुसार रामायण काल में एक समय शनि को अपने बल और पराक्रम पर घमंड हो गया था। उस काल में हनुमानजी के बल और पराक्रम की कीर्ति चारों दिशाओं में फैली हुई थी। जब शनि को हनुमानजी के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई तो शनि बजरंग बली से युद्ध करने के लिए निकल पड़े। एक शांत स्थान पर हनुमानजी अपने स्वामी श्रीराम की भक्ति में लीन बैठे थे, तभी वहां शनिदेव आ गए और उन्होंने बजरंग बली को युद्ध के लिए ललकारा।

युद्ध की ललकार सुनकर हनुमानजी शनिदेव को समझाने का प्रयास किया, लेकिन शनि नहीं माने और युद्ध के लिए आमंत्रित करने लगे। अंत में हनुमानजी भी युद्ध के लिए तैयार हो गए। दोनों के बीच घमासान युद्ध हुआ। हनुमानजी ने शनि को बुरी तरह परास्त कर दिया।

युद्ध में हनुमानजी द्वारा किए गए प्रहारों से शनिदेव के पूरे शरीर में भयंकर पीड़ा हो रही थी। इस पीड़ा को दूर करने के लिए हनुमानजी ने शनि को तेल दिया। इस तेल को लगाते ही शनिदेव की समस्त पीड़ा दूर हो गई। तभी से शनिदेव को तेल अर्पित करने की परंपरा प्रारंभ हुई। शनिदेव पर जो भी व्यक्ति तेल अर्पित करता है, उसके जीवन की समस्त परेशानियां दूर हो जाती हैं और धन अभाव खत्म हो जाता है।

जबकि एक अन्य कथा के अनुसार जब भगवान की सेना ने सागर सेतु बांध लिया, तब राक्षस इसे हानि न पहुंचा सकें, उसके लिए पवन सुत हनुमान को उसकी देखभाल की जिम्मेदारी सौपी गई। जब हनुमान जी शाम के समय अपने इष्टदेव राम के ध्यान में मग्न थे, तभी सूर्य पुत्र शनि ने अपना काला कुरूप चेहरा बनाकर क्रोधपूर्ण कहा– हे वानर मैं देवताओं में शक्तिशाली शनि हूँ। सुना हैं, तुम बहुत बलशाली हो। आँखें खोलो और मेरे साथ युद्ध करो, मैं तुमसे युद्ध करना चाहता हूँ। इस पर हनुमान ने विनम्रतापूर्वक कहा– इस समय मैं अपने प्रभु को याद कर रहा हूं। आप मेरी पूजा में विघन मत डालिए। आप मेरे आदरणीय है। कृपा करके आप यहा से चले जाइए।

जब शनि देव लड़ने पर उतर आए, तो हनुमान जी ने अपनी पूंछ में लपेटना शुरू कर दिया। फिर उन्हे कसना प्रारंभ कर दिया जोर लगाने पर भी शनि उस बंधन से मुक्त न होकर पीड़ा से व्याकुल होने लगे। हनुमान ने फिर सेतु की परिक्रमा कर शनि के घमंड को तोड़ने के लिए पत्थरो पर पूंछ को झटका दे–दे कर पटकना शुरू कर दिया। इससे शनि का शरीर लहुलुहान हो गया, जिससे उनकी पीड़ा बढ़ती गई।

तब शनि देव ने हनुमान जी से प्रार्थना की कि मुझे बधंन मुक्त कर दीजिए। मैं अपने अपराध की सजा पा चुका हूँ, फिर मुझसे ऐसी गलती नही होगी ! तब हनुमान जी ने जो तेल दिया, उसे घाव पर लगाते ही शनि देव की पीड़ा मिट गई। उसी दिन से शनिदेव को तेल चढ़ाया जाता हैं, जिससे उनकी पीडा शांत हो जाती हैं और वे प्रसन्न हो जाते हैं।

हनुमानजी की कृपा से शनि की पीड़ा शांत हुई थी, इसी वजह से आज भी शनि हनुमानजी के भक्तों पर विशेष कृपा बनाए रखते हैं।

<u>शनि को तेल अर्पित करते समय ध्यान रखें ये बात</u>

शनि देव की प्रतिमा को तेल चढ़ाने से पहले तेल में अपना चेहरा अवश्य देखें। ऐसा करने पर शनि के दोषों से मुक्ति मिलती है। धन संबंधी कार्यों में आ रही रुकावटें दूर हो जाती हैं और सुख–समृद्धि बनी रहती है।

<u>शनि पर तेल चढ़ाने से जुड़ी वैज्ञानिक मान्यता</u>

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हमारे शरीर के सभी अंगों में अलग–अलग ग्रहों का वास होता है। यानी अलग–अलग अंगों के कारक ग्रह अलग–अलग हैं। शनिदेव त्वचा, दांत, कान, हड्डियां और घुटनों के कारक ग्रह हैं। यदि कुंडली में शनि अशुभ हो तो इन अंगों से संबंधित परेशानियां व्यक्ति को झेलना पड़ती हैं। इन अंगों की विशेष देखभाल के लिए हर शनिवार तेल मालिश की जानी चाहिए।

शनि को तेल अर्पित करने का यही अर्थ है कि हम शनि से संबंधित अंगों पर भी तेल लगाएं, ताकि इन अंगों को पीड़ाओं से बचाया जा सके। मालिश करने के लिए सरसो के तेल का उपयोग करना श्रेष्ठ रहता है।

साभार-पौराणिक कथाएं

# छात्र – छात्राओं को पुलिस विभाग ने दीं यातायात संबंधी जानकारी.




पिपरिया/सर्वोदय विधा पीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्टेशन रोड़ पुलिस थाने द्वारा छात्र –छात्राओं को यातायात संबंधी जानकारी प्रदान की गई.इस अवसर पर उप निरीक्षक मनमोहन ठाकुर ने उपस्थित छात्र छात्राओं को यातायात नियम और उनके गंभीरता से पालन किए जाने पर बात रखी, साथ ही वाहन चलाने की उम्र व लाईसेंस इसके अलावा संबंधित विषय पर प्रकाश डाला साथ ही बच्चों से ही हेलमेट,रेड लाइट,येलो लाइट, ग्रीन लाइट के उपयोग पर प्रश्न उत्तर प्राप्त किए।साथ ही प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों के साथ साथ सभी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया वहीं संस्था प्रमुख आनंद प्रकाश शर्मा ने भी बच्चों को संबोधित कर जानकारी परिवार से सांझा करने का आव्हान किया। इस अवसर पर आरक्षक नरेश मलिक ने भी छात्र छात्राओं को नियम कानून पर खुल कर अपनी बात कहने और अनुशासन में बने रहने की सीख दी। इस अवसर पर पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक सरिता शा स्कूल प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी, प्रधानाचार्य अंजू जाटव, आशीष स्वामी, अनीता बाथरे, मंजुलता स्वामी,वेद प्रकाश व्यास, रोशनी बाथरे, पिंकी पटेल, पप्पू आम्रवंशी शशी मैडम व स्टाफ मौजूद रहा।



# मां नर्मदा जयंती महोत्सव एवं रामजी बाबा मेला की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

## 15 फरवरी एवं 16 फरवरी को मनाया जाएगा नर्मदा जयंती महोत्सव 22 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होगा रामजी बाबा मेला

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिले में 15 फरवरी एवं 16 फरवरी को मां नर्मदा जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम 16 फरवरी की सायं सेठानी घाट पर आयोजित होगा। सुप्रसिद्ध रामजी बाबा मेला 22 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होगा। नर्मदा जयंती महोत्सव एवं रामजी बाबा मेला की तैयारी के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, उपाध्यक्ष श्री अभय वर्मा, श्री पीयूष शर्मा, श्री महेंद्र यादव, आचार्य गोपाल प्रसाद खड्डर तथा कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री एसएस रावत, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम श्री नवनीत पांडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मुख्य कार्यक्रम में जल मंच का निर्माण किया जाएगा। बैठक में जल मंच के निर्माण, विस्तार एवं उसकी सुरक्षा के संबंध में विस्तार चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि जलमंच की सुरक्षा के दृष्टिगत जे टी खरीदीने के लिए नगरपालिका नर्मदापुरम द्वारा निविदा आमंत्रित की जाएगी।

बैठक में एमपीईबी को निर्देशित किया गया है कि कार्यक्रम स्थल पर विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित की जाए। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में जेनरेटर भी रहें। एमपीईबी द्वारा सेठानी घाट पर कंट्रोल रूम का भी संचालन किया जाए। निर्णय लिया गया कि आतिशबाजी इस बार केवल जोशीपुरा घाट से की जाएगी। नर्मदा जयंती महोत्सव पर यातायात व्यवस्था के लिए व्यवस्थित ट्रैफिक प्लान भी तैयार किया जाएगा। परंपरा अनुसार मुख्य समारोह के लिए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी को आमंत्रित किया जाएगा।

रामजी बाबा मेला की तैयारीयों के संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना ने सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि पारदर्शी प्रक्रिया से दुकानों का आवंटन समय पर किया जाए। 22 फरवरी से पूर्व दुकानों का आवंटन सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए की मां नर्मदा जयंती महोत्सव एवं रामजी बाबा मेला के लिए सभी अधिकारी सौपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करें। उन्होंने नर्मदा जयंती महोत्सव एवं रामदेव बाबा मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थानीय कलाकारों के साथ संस्कृति विभाग के साथ समन्वय करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ श्री पांडे द्वारा जलमंच के निर्माण, बैठक व्यवस्था, घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, मुख्य अतिथि महोदय के सर्किट हाउस से लेकर कार्यक्रम स्थल पर आने इत्यादि बिंदुओं पर जानकारी दी गई।


स्वस्थ आहार, स्वाद मेजदार...

रघुजी नमकीन

एक विश्वास

रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार

शोभापुर रोड, पिपरिया Ph.224241,

-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471





# 15 जनवरी से 29 फरवरी तक चलाया जाएगा राजस्व अभियान

## अभियान के दौरान ग्रामों पटवारी द्वारा बी–1 एवं आरसीएमएस की जानकारी दी जायेगी

## एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा सतत मॉनिटरिंग करेंगे

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिले के राजस्व न्यायालयों (त्ब्डै) में लंबित प्रकरणों ( नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरस्ति इत्यादि ) का समय सीमा में निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को त्ब्डै पर दर्ज कराना, नक्श पर तरनीम च्डझ्ै।छ का ॅ।ज्न्त्।ज्प्ब्छ एवं समग्र का आधार से ई–केवाइसी और खसरे की समग्र, आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व महा–अभियान का आयोजन 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक क्रियान्वित किया जाना है।

इस संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बताया कि राजस्य अभियान 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 के चलाया जायेगा। राजस्व अभियान के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड का वाचन– पटवारी द्वारा किया जाना है और खसरा, बी–1 का ग्राम में वाचन, समग्र ई–केवाइसी तथा खसरे की समग्र,आधार से लिंकिंग, त्ब्डै पर प्रकरण दर्ज कराना, त्ब्डै पर दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण,अभियान अवधि में 06 माह से अधिक के दर्ज लबिंत प्रकरणों एवं का शत–प्रतिशत निराकरण किया जाना अभियान अवधि में प्राप्त अविवादित प्रकरणों एक माह में शत–प्रतिशत निराकरण किया जायेगा। उत्तराधिकार नामांतरण का प्रमाण पत्र 29 फरवरी तक प्रदाय करना है। सीमांकन, नक्शा तरमीम– खसरे पर बटांकन होना परंतु नक्शे पर नहीं होना, खसरा नंबर का एक से अधिक बार होना, खसरे मे बटांकन होना एवं नक्शे में नहीं होना, शामिल खसरे को भिन्न किया जाना आदि शामिल है।

कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया कि अभियान के दौरान पटवारी द्वारा 15 जनवरी से 29 फरवरी तक की जाने वाली कार्यवाहियों में ग्रामों में बी–1 का वाचन करना, आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज कराना,राजस्व अभिलेख में सुधार,आधार ई–केवायसी कराने और खसरे तथा आधार के लिकिंग की कार्यवाही पूर्ण कर किसानों को प्रदाय करना शामिल है। अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार द्वारा 15 जनवरी से 29 फरवरी तक अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार ग्रामों का क्लस्टर बना कर सतत् भ्रमण, अभियान में आरसीएमएस पर दर्ज प्रकरणों नायब तहसीलदार का शत प्रतिशत निराकरण, आधार से ई–केवाइसी कराने और खसरे तथा आधार के लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने कर किसानों को दी जाना है। राजस्व महाअभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार, सतत भ्रमण, अभियान की सतत समीक्षा, अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए।

# सर्वोदय विधा पीठ के छात्र –छात्राओं ने शक्कर मील का किया भ्रमण.

पिपरिया/ सर्वोदय विधा पीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल पिपरिया के संचालक आनंद प्रकाश शर्मा और प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी के मार्ग दर्शन में हायर सेकेण्डरी कक्षा के छात्र –छात्राओं ने बनखेड़ी स्थित रामदेव शुगर मिल का भ्रमण किया गया. जिसमें फैक्ट्री संचालक विवेक महेश्वरी एवं जनरल मैनेजर आलोक दिक्षित ने बच्चों को फैक्ट्री में ले जाकर शक्कर किस तरह बनती है गाने को कैसे मशीनों के माध्यम से गन्ने की रस से लेकर बॉयलर तक और बायलर से शक्कर के दाने बनने तक सारी सारी मशीनों को किस प्रकार संचालित किया होती हैं। सारी जानकारी दी इस दौरान सर्वोदय विधा पीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल स्टाफ से शिक्षक आशीष स्वामी, पप्पू आम्रवंशी, श्रीमती मंजू लता स्वामी,शशि मालवीय,पिंकी पटेल साथ दो दर्जन से अधिक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




-राजपाल यादव द्वारा

## बनखेड़ी समाचार

# जन्मदिन का आध्यात्मिक अर्थ

**-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज**



हम सब अपने जीवन में जन्मदिवस को बहुत खुशी से मनाते हैं। जन्मदिन के खास दिन पर हमारे चेहरे पर खुशी की किरण होती है। इसलिए हमें अपने प्रत्येक दिन को अपने जन्मदिन के रूप में समझना चाहिए। जब हम रात को सोने जाते हैं, कोई नहीं जानता कि अगली सुबह हम उठेंगे या नहीं। जब हम अगली सुबह उठते हैं, हमें उस नए दिन को अपने जन्मदिन की तरह ही मनाना चाहिए। इसका अर्थ यह है कि जीने के रूप में हमारा प्रत्येक दिन हमारे जीवन का सबसे खास दिन है।

हम उस दिन को खास बनाने के लिए क्या कर सकते हैं? हम प्रत्येक दिन को अपने सच्चे जन्मदिन के रूप में मना सकते हैं। लोग अधिकतर अपना दिन कैसे बिताते हैं? वे उठते हैं, नहाते हैं, तैयार हो जाते हैं, नाश्ता करते हैं, या तो अपने परिवार की देखभाल में समय लगाते हैं या नौकरी के लिए चले जाते हैं। वे अपना अधिकतर समय अपनी आजीविका कमाने में लगाते हैं। उसके बाद यातायात से संघर्ष करते हुए घर लौटते हैं, रात का खाना खाते हैं, अपना मनोरंजन करते हैं और बिस्तर पर सोने चले जाते हैं।

हम समय का अधिकांश भाग भौतिक शरीर की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए खर्च करते हैं। हालांकि भौतिक शरीर के रख-रखाव से अधिक हमारे जीवन में कुछ और भी है। इसकेअलावा हमारा एक आध्यात्मिक पक्ष भी है। प्रत्येक दिन को अपने जन्मदिन के रूप में मनाने के लिए यदि हम अपने अंतर में मौजूद दिव्यता से जुड़ने का प्रयास करेंगे, तब हम प्रत्येक दिन को अपने सच्चे जन्मदिन के रूप में मना सकते हैं।

हमारी आत्मा को परमात्मा से जुदा हुए कई युग हो गए हैं। हमारा सच्चा जन्मदिन वह होगा जब हमारी आत्मा का प्रभु के साथ पुनर्मिलन होगा। जो लोग ध्यान-अभ्यास करते हैं और अपने अंतर में आध्यात्मिक मंडलों की चढ़ाई करते हैं, वे यह अनुभव करते हैं कि यह भौतिक शरीर अस्थायी है और हमारा असली घर नहीं है। हमारे जीवन का सबसे मुख्य उद्देश्य इस भौतिक अस्तित्व से ऊपर उठने में सक्षम होना है और अपने आपको प्रभु की अंश 'आत्मा' के रूप में अनुभव करना है।

हमें अपने दिन को सच्चा जन्मदिवस मनाने के लिए कैसे बिताना चाहिए? ताकि हमारा जीवन इस उत्सव को मनाने के लायक हो। हम प्रत्येक दिन को शुक्राने के भाव के साथ मनाना चाहिये जिसके लिए हमें यह मानव चोला मिला है। हमारा यह इंसानी चोला हमें सदा नही मिलेगा, इसलिए हमें इसे स्थायी नहीं मानना चाहिए। जीवन की किसी अन्य योनि में यह क्षमता नहीं दी गई जिसमें कि हम स्वयं को जान सकें और परमात्मा को पा सकें। जब हम अपना जीवन मानव रूप में जीते हैं तो हमें महसूस करना चाहिए कि अब हमारी प्रभु को पाने की बारी है। क्या हम इस अवसर का सबसे अच्छा इस्तेमाल करेंगे या इसे गंवा देंगे?

प्रभु ने हमें यह शरीर सिर्फ रूहानी दौलत कमाने के लिए दिया है, यह दौलत हमें वापिस प्रभु के पास ले जाएगी। हालांकि हम क्या करते हैं? हम अन्य प्रजातियों के समान अपने जीवन का अस्तित्व बनाए रखने में ही लगे रहते हैं। अधिकतर लोग इस पूरे मानव जीवन के उपहार का उपयोग इसे खिलाने, संतान उत्पन्न करने और इसे स्वस्थ बनाए रखने में ही करते हैं। हमें यह समझना चहिये कि हमारे जीवन का प्रत्येक क्षण अनमोल है। इसलिए हमें अपनी इन सांसों का इस्तेमाल आत्म-ज्ञान पाने और परमात्मा का साक्षात्कार करने के लिए करना चाहिए, जिसके लिए हमें यह मानव चोला प्रदान किया गया है।

हमारे लिए सवेरा तब होगा, जब हमारा संपर्क प्रभु की ज्योति से होगा और हम उस प्रभु के दिव्य-प्रकाश के स्त्रोत का अमृतपान कभी भी कर सकते हैं। यह उत्सव का समय है, जिसमें हम अंतरीय मंडलों का अनुभव कर सकते हैं। हमारे पास ध्यान-अभ्यास की प्रक्रिया है जिसके द्वारा हम अपने अंतर में जब चाहे तब जा सकते हैं। अब यह हमारे ऊपर निर्भर करता है कि क्या हम अपने अनमोल उपहार का उपयोग ध्यान-अभ्यास में समय देकर करते हैं?

तो आईये! हम अपने प्रत्येक दिन को अपना जन्मदिवस समझते हुए पिता-परमेश्वर का शुक्राना अदा करें और ध्यान-अभ्यास में समय दें तभी हम अपना सच्चा जन्मदिवस मना सकते हैं।

# नोडल अधिकारी श्रीमती विद्या मिश्रा द्विवेदी की उपस्थिति में नंदकिशोर स्वामी की अध्यक्षता मैं सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन रिछैड़ा ग्राम पंचायत में संपन्न

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी ।** पिपरिया - समीपस्थ ग्राम पंचायत रिछैड़ा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021 -2022 एवं 2022 -2023 (1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2023) तक की अवधि में संपन्न कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण त्रिस्तरीय छह दिवसीय सत्यापन प्रक्रिया के बाद सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन ई पंचायत कक्ष में नंदकिशोर स्वामी की अध्यक्षता एवं कलेक्टर प्रतिनिधि ग्राम सभा की नोडल अधिकारी राजस्व विभाग की पटवारी श्रीमती विद्या मिश्रा द्विवेदी की उपस्थिति में किया गया।



ग्राम सभा में ग्राम सामाजिक एनिमेटर श्री शिवम शर्मा द्वारा छह दिवस श्रीमती गीता मेहरा, कुमारी नसरीन खान एवं ग्राम संपरीक्षा समिति के साथ किए गए भौतिक मौखिक एवं दस्तावेजी सत्यापन प्रक्रिया से ग्रामीण जनों को अवगत कराया।

ग्राम सभा में ग्राम सामाजिक एनिमेटर श्री शिवम शर्मा ने पंचायत रिपोर्ट कार्ड का वाचन कर ग्राम पंचायत में पंजीकृत परिवारों की संख्या जॉब कार्ड धारी परिवार एवं जॉबकार्ड वितरण मनरेगा के अंतर्गत विगत दो साल में किए गए कार्यों का वाचन किया तथा कार्यों पर व्यय की गई राशि से ग्राम सभा को अवगत कराया । ग्राम सामाजिक एनिमेटर श्री शिवम शर्मा ने ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीण जनों को बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा सामुदायिक मूलक ग्यारह तथा हितग्राही मूलक अडतालीस कार्यों पर राशि पचास लाख तेहित्तर हजार चार सौ तीन रूपये (5073403 ) का व्यय किया गया है इसमें प्रधानमंत्री आवास निर्माण के सत्ताईस, खेत संमतालीकरण प्रन्दय, खेत तालाब दो, एक पशु सेड,एक फलोद्यान, दो सोकफिट हितग्राहीमूलक कार्य एवं सामुदायिक कार्य एक बाउंड्री वाल, एक मां की बगिया, एक नाला सफाई,एक डायनिंग टेबल, एक पंचायत भवन,पांच वाटर हार्वेस्टिंग के कुल दस सामुदायिक कार्य पर राशि का व्यय किया गया है।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा सभी कार्य मौके पर कराए गए जो गुणवत्तायुक्त हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई आपत्तियां नहीं हैं। ग्राम सभा में सचिव श्री गणेश प्रजापति नोडल अधिकारी सामाजिक अंकेक्षण राजेश कुमार ग्यारसे, कुमारी अपेक्षा दुबे, दर्शना पगारे, कन्हैया लाल, सोना बाई, ग्राम कोटवार देवी सिंह नागवंशी,आशा कार्यकर्ता हेमलता दुबे, हरीबाई नागवंशी, फूलवती रझड, ओम प्रकाश, अंकेश पालीवाल,राम बाई रामकुमार, शिवानी पटेल, शरदाबाई मनोहर नागवंशी सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साहियका एवं ग्रामीण जन विशेष रूप से उपस्थित थे। सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा की कार्यवाही को कलेक्टर पंचायत नर्मदा पुरम द्वारा नामित शिक्षक विनोद श्रीवास्तव ने लिपिबद्ध किया।

# अयोध्या श्रीराम मंदिर दर्शन अभियान के मंडल प्रभारी नियुक्त

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी ।** बनखेडी नगर के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता समाजसेवी एवं जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पांडे परिवार से ताल्लुक रखने वाले रितेश पांडे को अयोध्या श्रीराम मंदिर दर्शन अभियान के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ठाकुरदास नागवंशी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल अभियान की जिला प्रभारी राजों मालवीय एवं बनखेडी मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई है क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और शुभचिंतक व्यक्तीयो ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं क्षेत्र के बड़ी उपलब्धि मनी जा रही है क्योंकि की होशंगाबाद जिले की अंतिम छोर पर स्थित बनखेडी जनपद पंचायत आती हैं ।

# राम कथा का समापन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी ।**बनखेड़ी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी में श्री



विनायक जरारिया मैरिज गार्डन में आयोजित कार्यक्रम राम कथा का समापन हुआ जिसमें कथा वाचक और बड़े संतों ने भाग लिया राम भगवान की महिमा को बताया मनुष्य समाज को अपने धर्म अपनें विचारों को समझना होगा कथा के माध्यम से सामाजिक चेतना लाने का भी प्रयास करें जीवन को अच्छा बनानें के लिए बहुत जरूरी है कि अपने विचार में बदलाव लाना होगा जब कहीं जकार जीवन सफल हो सकता है संतों ने देश के लिए और मनुष्य समाज के लिए बहुत किया और करते चलें आ रहें हैं पर भक्त अच्छा हो कथा सुनने वाला हो ऐसे अनेकों मनुष्य जीवन को सफल बनाने में संतों भुमिका रहीं हैं राम कथा के आयोजक रामेश्वर जरारिया और समस्त जरारिया परिवार के लिए बहुत धन्यवाद दिया जिन्होंने कथा का आयोजन कर समस्त क्षेत्र के नागरिकों को राम भगवान से जुड़ने का अवसर दिया ।



# करेली समाचार-

## विवेकानंद जयंती(युवा दिवस) पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।**आज 12 जनवरी 2024 को युवा दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए।प्रातः 9 बजे महाविद्यालय में प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों तथा एनएसएस एवं एनसीसी के केडिट्स के द्वारा सामूहिक सूर्यनमस्कार किया गया ।मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का संदेश भी सभी को रेडियो के माध्यम से सीधा प्रसारण सुनवाया गया तत्पश्चात कार्यक्रमो की श्रंखला में एनसीसी के



केडिट्स द्वारा पुनीत सागर अभियान दिवस के मौके पर भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान को लेकर एक रैली आयोजन किया गया इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी जी का संदेश तथा प्रेरक उद्बोधन भी सभी ने सीधा प्रसारण के माध्यम से सुना। महाविद्यालय में विवेकानंद जी के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमे छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमे प्रथम स्थान कार्तिक राजपूत बीएससी तृतीय वर्ष द्वतीय स्थान राहुल मिश्रा बीकॉम द्वतीय वर्ष तृतीय स्थान आकृति कौरव बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।इसी दौरान विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा शिकागो में दिए गए व्याख्यान को भी ध्यान से सुना महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ ए के वाजपेयी के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नरेन्द्र से स्वामी विवेकानंद जी तक की यात्रा प्रेरणादायक व अनुकरणीय रही है इन कार्यक्रमों में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही

## 'गणेश वार्ड पार्षद उपचुनाव में ज्योति आनंद सोनी 230 मतों से विजयी...

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।**करेली मंडी में हुई मतगणना में ज्योति सोनी को 608 ,सीमा पाठक को 378लक्ष्मी राजपूत को 190 नोटा को13 मत मिले इस जीत के साथ करेली नगर पालिका में भाजपा फिर 15/0 की स्थिति में आ गई है नपाध्यक्ष सुशीला ममार, उपाध्यक्ष अनीता नेमा ने ज्योति सोनी को बधाई देकर मतदाताओ का आभार व्यक्त किया है.। गणेश वार्ड के इस उपचुनाव के दौरान पूर्व राज्यमंत्री ,जालम सिंह पटेल ने आकर गहन जनसंपर्क किया था स इस चुनाव में लाडली बहिना योजना का प्रभाव के कारण भारतीय जनता पार्टी के पार्षद ने विजय श्री प्राप्त की।



## नवानु यात्रा

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।** यह श्वेतांबर जैनो के शाश्वत तीर्थधिराज पालीताना गुजरात की धरा पर जहाँ भगवान श्रीआदिनाथ प्रभु ने पूर्व 99 बार पर्वत की स्पर्शना की थीं जहाँ से अनंत अनंत आत्माये सिद्ध हुई है जिसे सिद्धि धाम की भी उपमा दी गई है जिसमें 3700 सीढ़िया हैं इन्हि सीडियो को रोज़ 4 से 5 बार विधिवत् चढ़ना और उतरना होता हैं ऐसा कुल 108 बार मात्र 40 से 45 दिनो में पूर्ण किया जाता है इतनी कठिन यात्रा प्रभुं के चमत्कार से एवं अनंत अनंत पुण्यशाली व्यक्ति की ही पूर्ण होती है यह कठिन जप तप के साथ ही पूर्ण की जाती है।) करेली से यश लूनावत, रिया लूनावत, ख़ुशी लूनावत, भविक लूनावत, तीरथा लूनावत, सौरभ कोचर, हर्ष गोलछा, आगम गोलछा,इन सब की यात्रा सफलता पूर्वक संपन्न हुई ।

# विकसित भारत यात्रा

'विकसित भारत यात्रा का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के करीब लाने का साहसिक संकल्प लेना है। यह इस बात पर जोर देता है कि विकसित भारत की ओर यात्रा एक व्यक्तिगत प्रयास नहीं है बल्कि सभी वर्गों के लोगों को शामिल करने का एक सामूहिक प्रयास है',...... ,विश्वनाथ सिंह पटेल'

आज विकसित भारत यात्रा तेंदूखेड़ा विधानसभा के ग्राम पंचायत टिकटोली,एवं ग्राम पंचायत पलोहा, और नीमच(धोखेढ़ा), पहुंची । जहा माननीय विधायक जी ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य एक सरकारी पहल के रूप में उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि, पीएम सुरक्षा बीमा, आयुष्मान भारत और कई अन्य केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित जागरूकता बढ़ाना है।कहा कि यह उनकी सरकार है जिसने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था। लेकिन उनकी सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान



केंद्रित कर रही है और इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी।

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राव वीरेन्द्र सिंह जी,राव शेलेश जी,जिला उपाध्यक्ष राहुल जी ममार,,जिला पंचायत सदस्य अंजू शुक्ला जी, पि, व,मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर गुर्जर जी,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रजत जी पटेल,मंडल महामंत्री सीमांत राजपूत, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि निरंजन जी पटेल,मंडल के अध्यक्ष मनोज जी शर्मा,सरपंच पहुप सिंह जी (पप्पू मरैया जी)बसंत जी,रामसागर जी,ओमजी पटेल जी,राहुल जी टिखरया, राहुल जी,आशीष जी जरहा,निरंजन जी बड़कुर,सज्जन गुर्जर जी शैलेश कौरव जी,रामकुमार पाराशर जी,मुकेश पटेल जी, भैया जी टेकन,रामगोपाल जी गुर्जर, , जनपद पंचायत के सीईओ तहसीलदार एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी आशा कार्यकर्ता एवं सभी ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## गौमाता को सकल दिगम्बर जैन समाज ने खिलाये औषधि पूर्ण गुड़ लाडू...

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।**करेली..गायों की सेवा करो, रोज नवाओ शीश। खुश होकर देंगी तुम्हें,वे लाखों आशीष। गौ माता करतीं सदा, भव सागर से पार। इनकी तुम सेवा करो, जीवन देंगी तार। जैसे पुण्य कथन को चरितार्थ करते हुए वर्तमान समय से तीव्रगति से चलरही शीतलहर के प्रकोप से बचने व



गौमाता के उत्तम स्वास्थ्य लाभ व गर्माहट देने हेतु परम पूज्य आचार्य श्री गुरुदेव 108 विद्यासागर जी मुनिराज के आशीर्वाद व मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज की प्रेरणा श्री क्षुल्लक तत्व सागर जी व ब्रम्हचारी सुजीत भैया के निर्देशानुसार गुरूभक्त आलोक जैन जबलपुर व नीलेश जैन वर्धमान करेली के द्वारा निर्मित किये गए श्ऊँ अर्हं जीवदया संस्थाश दिल्ली के विशेष सहयोग से संपूर्ण गौ माता के लिए पूर्णतः शुद्ध औषधिपूर्ण गुड़ लाडू वितरण कार्यक्रम का आयोजन गत गुरुवार 11 जनवरी को सकल दिगम्बर जैन समाज करेली द्वारा शुभारंभ किया गया।लक्ष्मीनारायण वार्ड स्थित श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग, पिछली गली, पुरानी गल्ला मंडी सहित नगर के विविध हिस्सों मे विचरण करती गौ माता को शतावर, काली मिर्च, लेडीपीपर, हल्दी, काली हल्दी, अजवाइन, मेंथी, सौंठ, कमरकस, बच, सरसों के तेल सहित विविध औषधीय गुण इत्यादि से बने गुड़ लड्डू खिलाये गये। इस मौके पर दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट कमेटी के मनोज जैन लालू, वीरेंद्र जैन, अनूप जैन, अजीत पापूलर व समस्त महिला मंडल की बहिनों ने उपस्थित होकर पुण्यदायी कार्य में अपनी सहभागिता दी।

## योग व विविध खेल का आयोजन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।** एनजेएम इंग्लिश स्कूल में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर खेल प्रतियोगिताये आयोजित हुई इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. मयंक चौधरी, कार्यक्रम अध्यक्ष जगदीश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि डा गणेश पटेल, तथा विद्यालय के प्रिंसिपल शैलेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक अजय अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की




वंदना स्वामी विवेकानंद के पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया इसके उपरांत बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया व योग की मुद्राएं भी सभी छात्रों के द्वारा प्रदर्शित की गई। विद्यार्थी रक्षा दुबे, वंशिका पटेल, रानी रजक, मालती पटेल, रचना चौकसे, द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम के दौरान दौरान बच्चों द्वारा गीत, दौड, कुर्सी दौड़, डांस, बाल रेस, समूह गीत आदि की प्रस्तुति दी गई उद्बोधन के क्रम में अतिथियों ने बच्चों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरित होने के लिए कहा तथा छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पण को आवश्यक बताया कार्यक्रम का संचालन रोहित तिवारी व तथा आभार प्रदर्शन प्रीति दुबे द्वारा किया गया समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही व सभी भैया बहन उपस्थित रहे वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

-जितेन्द्र गुप्ता

# राजस्व महा–अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करें – कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

**एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार लंबित राजस्व प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण कराएं 15 जनवरी से 29 फरवरी तक चलाया जाएगा, राजस्व महाअभियान**

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिले के राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों जिनमें नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती इत्यादि का समय सीमा में निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शा पर तरनीम पीएम किसान का सैचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई–केवाईसी और खसरे की समग्र, आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व महा–अभियान का आयोजन 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक क्रियान्वित किया जाना है।

कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में राजस्व महा अभियान की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को अभियान का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व अन्य कारणों से लंबित प्रकरणों का इस दौरान शत प्रतिशत निराकरण किया जाएं। अभियान का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन किया जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। एसडीएम तहसीलदार व अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल रहें।

बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने सीमांकन, नामांतरण, बटवारा के प्रकरणों की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कम प्रगति वाले तहसीलदारों को तत्परता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों को अच्छे से करें। ताकि राजस्व विभाग की सेवाएं प्रभावित न हों, उनका लाभ समय पर लोगों को प्राप्त हो। सभी एसडीएम भी अपने कोर्ट में लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण कराएं। उन्होंने स्वामित्व योजना की भी विस्तृत समीक्षा कर बेहतर कार्ययोजना बनाकर ग्राउंड ट्रूथिंग कर नक्शा जमा कराने की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दिए। उन्होंने धारणाधिकार योजना के संबंध में प्रकरणों की विसंगतियां दूर कर निराकरण करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए की राजस्व अभियान के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड का वाचन– पटवारी द्वारा अच्छे से किया जाएं। एसडीएम, तहसीलदार भी अपने क्षेत्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खसरा बी–1 का ग्राम में वाचन कराएं। अभियान में समग्र ई–केवाइसी तथा खसरे की समग्र,आधार से लिंकिंग, इस पर प्रकरण दर्ज कर आरसीएमएस में समय सीमा में निराकरण कराएं।अभियान अवधि में 06 माह से अधिक के दर्ज लबिंत प्रकरणों एवं का शत–प्रतिशत निराकरण किया जाएं। अभियान अवधि में प्राप्त अविवादित प्रकरणों एक माह में शत–प्रतिशत निराकरण करें। उत्तराधिकार नामांतरण का प्रमाण पत्र 29 फरवरी तक प्रदाय कराएं।सीमांकन, नक्शा तरमीम–खसरे पर बटांकन होना परंतु नक्शे पर नहीं होना, खसरा नंबर का एक से अधिक बार होना, खसरे मे बटांकन होना एवं नक्शे में नहीं होना, शामिल खसरे को भिन्न किया जाना आदि प्रकरणों का निराकरण कराएं।

कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान राजस्व अभिलेख में सुधार की कार्यवाही की जाए। पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत आधार ई–केवायसी कराने और खसरे तथा आधार के लिकिंग की कार्यवाही पूर्ण कर किसानों को प्रदाय किया जाए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार द्वारा ग्रामों का क्लस्टर बना कर 15 जनवरी से 29 फरवरी तक भ्रमण कर अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करें। अभियान में आरसीएमएस पर दर्ज प्रकरणों नायब तहसीलदार का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए।


आवश्यक सूचना– (20 सितम्बर 2023 से नए पते पर शिफ्ट हो गया है।)

**किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक**

**डॉ. सुयश शर्मा**
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो
**मिलने का समय–**
प्रातः 11 से दोप. 2.00 बजे तक
शाम 5 से 7.30 बजे तक



**डॉ.विभा शर्मा**
MBBS,MD,FIPM
**मिलने का समय–**
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक

नोट – आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है ।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें)
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है ।

उपलब्ध सुविधाएँ–डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर
अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें –सुबह 10 बजे से
मो. 9546171019




पता समझने के लिए QR स्कैन करें
Kiran Fracture & Pain Clinic

**स्थान–अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया**


---

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./44/साडा/ 2024 पचमढ़ी दिनांक 18/1/2024

## कोटेशन सूचना

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पचमढ़ी खेल प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु खेल सामग्री क्रय करना चाहता है। अतः इच्छुक सप्लायरों को सूचित किया जाता है कि अपनी-अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 25-1-2024 को दोपहर 12.00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। जानकारी निम्नानुसार है :-

1. फुटबाल - 20 नग
2. वॉलीबाल - 6 नग
3. वॉलीबाल नेट - 1

शर्तें- (1) कोटेशन से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
(2) सामग्री कार्यालय में 07 दिवस के अंदर सप्लाई करनी होगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी**

---

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./1210/साडा/ पच/2024 पचमढ़ी दिनांक 12/01/2024

## कोटेशन सूचना

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी अपने वृक्षारोपण तथा उद्यानों हेतु निम्नानुसार कीटनाशक क्रय करना चाहता है।

| क्र. | सामग्री | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | नीला थूथा | 50 किलो |

उपरोक्तानुसार क्र. 1 से 7 तक की सामग्री की दरें प्रति इकाई के हिसाब से बंद लिफाफों में दिनांक 20-01-2024 को सायं 05 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी**

---

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./208/साडा/ पच/2024 पचमढ़ी दिनांक 12/01/2024

## कोटेशन सूचना

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पचमढ़ी अपनी संस्था हेतु निम्नानुसार सामग्री क्रय करना चाहता है। अतः इच्छुक सप्लायरों को सूचित किया जाता है कि अपनी-अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 22-1-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। सामग्री की दरें कम्पनी HP की देना होगा। जानकारी निम्नानुसार हैं :-

| Sr. No. | Description | | Qty |
|---|---|---|---|
| 01 | Samsung Galaxy Tab S9 | | 01 |
| | Display | 27.811cm (11.0") Dynamic AMOLED | |
| | Durability | IP68 | |
| | Processor | Snapdragon(R) 8 Gen 2 | |
| | Storage | 128GB, Micro SD supported | |
| | Memory | 8GB | |
| | Battery (typical) | 8,400mAh | |
| | Pen | IP68 SPen (BLE O) Inbox | |
| | Camera | (Rear) 13MP, [Front] 12MP UW | |
| | Network | 5G/Wi-Fi | |
| | Weight | 500g (5G) | |
| | Thickness | 5.9mm | |

शर्तें :-(1) कोटेशन से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
(2) सामग्री कार्यालय में 07 दिवस के अंदर सप्लाई करनी होगी, एक वर्ष की गारंटी देना अनिवार्य होगा, जिसमें सामग्री में खराबी आने पर रिपेयर करके देनी होगी, जिसका अलग से कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी**

---


## बेचना है

नवनिर्मित सिंग्लेक्स 25 X 40 में निर्मित। शानदार कंस्ट्रक्शन। कीमत-25 लाख। रामविलास कालोनी में बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

ओव्हर ब्रिज के पास- 11 X 5X 27 में डबल स्टोरी कार्नर मकान रोड से 150 फीट अंदर। कीमत- 8.50 लाख मात्र है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

मेन शोभापुर रोड पिपरिया में 20 X 60 में निर्मित मकान बेचना है। कीमत-10000 स्कोरफीट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

प्लाट की कीमत में मकान-पचमढ़ी रोड पिपरिया में 28 X 90 का प्लाट राजस्थान स्वीट के सामने पचमढ़ी में बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें। मो. 9425708959

# रामायण की ऐतिहासिकता

–डॉ. ओ.पी. जोशी

'सिया राममय सब जग जानी...'के इस दौर में एक सवाल यदा–कदा उठता रहता है कि रामायण कोई गल्प है या एक सच्ची, ऐतिहासिक गाथा? कुछ विद्वान शोधार्थियों ने इस पर काम किया है। प्रस्तुत है, इसी शोध के नतीजों पर डॉ. ओ.पी. जोशी का यह लेख। संपादक

आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की स्थापना के साथ राममंदिर का लोकार्पण एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में किया जायेगा। भगवान श्रीराम के जीवन की सारी घटनाएं विभिन्न रामायणों में वर्णित की गयी हैं। देश में प्रचलित कई प्रकार की रामायणों में 'वाल्मीकि रामायण' को सबसे ज्यादा प्रामाणिक माना गया है। इसका कारण यह है कि महर्षि वाल्मीकि भगवान राम के समकालीन रहे एवं ज्योतिष विद्या को भी गहराई से जानते थे। इस रामायण में वर्णित कई तथ्यों (घटनाऐं एवं तिथियां) जैसे भगवान राम का जन्म एवं स्थान, वनवास, खरदूषण व रावण वध तथा राज्याभिषेक आदि को वैज्ञानिक आधार पर सत्यापित करने हेतु दो प्रयास किये गये जिनमें काफी समानता मिली।

'भारतीय राजस्व सेवा' के अधिकारी एवं भौतिक शास्त्र की गहन समझ रखने वाले डॉ. पुष्कर भटनागर ने 'वाल्मीकि रामायण' में बतायी गई घटनाओं की तिथियों एवं ग्रह नक्षत्रों की स्थिति (खगोलीय) आदि की जानकारी 'नासा' (नेशनल एरोनॉटिक्स एण्ड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन, अमेरिका) के प्लेनेटोरियम सॉफ्टवेअर में डालीं या फीड कीं। दिल्ली स्थित वेद पर आधारित 'इंस्टीट्यूट फॉर साइंटिफिक रिसर्च' की निर्देशक रहीं तीन दशकों से रामायण पर कार्यरत आयकर विभाग की प्रमुख श्रीमती सरोजबाला ने भी अमेरीका से कोई सॉफ्टवेअर खरीदकर उसमें रामायण में वर्णित जानकारी विस्तार से डाली। दोनों सॉफ्टवेअर में डाली गयी जानकारियों के परिणाम प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर काफी अधिक मिलते–जुलते पाये गये।

वाल्मीकि रामायण के बालकांड में बताया गया है कि भगवान श्रीराम का जन्म चौत्र माह के शुक्लपक्ष की तिथि नवमी को पुर्नवसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में हुआ था। इस समय शनि, मंगल, सूर्य, गुरू एवं शुक्र अपने उच्च स्थान पर थे तथा लग्न में चंद्रमा के साथ बृहस्पति विराजमान थे। उक्त जानकारी के आधार पर सॉफ्टवेअर ने बताया कि भगवान राम का जन्म 10 जनवरी, 5114 ईसापूर्व को दोपहर 12 से 01 के मध्य अयोध्या में हुआ था। भारतीय केलेंडर के अनुसार चौत्र माह के शुल्क पक्ष के नौवे दिन रामनवमी मनायी जाती है।

इस प्रकार भगवान राम के जीवन की अन्य घटनाओं के संबंध में जो जानकारी सॉफ्टवेअर ने बतायीं वे इस प्रकार हैं – वनवास 25 वर्ष की आयु में 05 जनवरी 5089 ईसापूर्व को प्रातःकाल हुआ था। 'ताड़का वध' (विश्वामित्र के यज्ञ में बाधा डाल रही ताड़का का वध) 5101 ईसापूर्व 13 वर्ष (5114 – 5101 13 वर्ष) की अवस्था में किया, खरदूषण वध 07 अक्टूबर को दोपहर दो बजे के आसपास 5077 ईसापूर्व तथा रावण का वध 04 दिसंबर 5078 ईसापूर्व किया गया।

वनवास समाप्ति पर राज्याभिषेक, 39 वर्ष (5114–5075 39 वर्ष) की आयु में 02 जनवरी 5075 ईसापूर्व को हुआ था। इस अध्ययन में वनवास की 14 वर्ष की अवधि (5089–5075 14 वर्ष) तो सही है, परंतु रावण वध (5078) तथा राज्याभिषेक (5075) में 03 वर्षों का अंतर क्यों है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। दिल्ली में सितंबर 2015 में ''कल्चरल कांटीन्युटी फ्राम ऋग्वेद टू रोबोटिक'' शीर्षक से आयोजित सम्मेलन में भगवान राम के जीवन से जुड़ी सारी घटनाओं की सॉफ्टवेअर से प्राप्त जानकारी लोगों को बतायी गयी थी। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से काफी प्रचार–प्रसार भी किया गया था।

सॉफ्टवेअर से बतायी रामजन्म की तिथि तथा स्थान (अयोध्या) पर कई लोगों ने शंका जाहिर की थी, क्योंकि रामनवमी तो सामान्यतः होली के बाद अप्रैल माह में आती है, फिर जनवरी में जन्म कैसे? एवं अयोध्या भी रामायण में दिये वर्णन अनुसार नहीं है। कुछ प्राचीन ग्रंथों में अयोध्या को सरयू नदी के किनारे बताया गया है जिसके एक ओर गंगा तथा पांचाल देश एवं दूसरी ओर मिथिला बसी थी। इन शंकाओं के संदर्भ में यह स्पष्टीकरण दिया गया कि पिछले लगभग 7000 वर्षों में पृथ्वी तथा मौसम में कई परिवर्तन आए जिससे प्राचीन ग्रंथों में वर्णित तथा वर्तमान की स्थिति में काफी भिन्नता दिखाई देती है। 'भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग' के सेवानिवृत्त पुरातत्वविद् डॉ. एम.एल. बहल का कहना है कि प्राचीन ग्रंथों में दर्शायी घटनाओं का सत्यापन आधुनिक विज्ञान की तकनीकों से किया जाना चाहिये। (सप्रेस)

☐ डॉ. ओ.पी. जोशी स्वतंत्र लेखक हैं तथा पर्यावरण के मुद्दों पर लिखते हैं।

-मुनिश्री तरुणसागर जी महाराज

**खट्टे मीठे तीखे बोल**



मनुष्य के जीवन में ही स्वर्ग–नरक है। प्रेम शांति के क्षणों में स्वर्ग है, आक्रोश और उत्तेजना के क्षणों में नरक है।

## नैनीताल उत्तराखंड में फोटोग्राफी कला के लिए संजय कुमार को मिला सम्मान

हरदा जिले के एक युवा को अपनी कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड प्रदेश के नैनीताल में 6 से 9 जनवरी तक राष्ट्रीयस्तर पर फोटोग्राफी कार्यशाला, प्रसिद्ध फोटोग्राफर धर्मेंद्र शर्मा इंदौर के द्वारा आयोजित की गई थी।



जिसमे पूरे देश से 40–45 फोटोग्राफरो को शामिल होने का अवसर मिला। जिसमे प्रदेश स्तर पर हरदा के युवा संजय प्रजापत को शामिल होने का अवसर मिला था। उसमे उनके द्वारा अपनी फोटोग्राफी कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें देश के प्रसिद्ध मेंटर राजा अवस्थी, रायपुर छत्तीसगढ़ एवं विपुल शर्मा, चंडीगढ़ के द्वारा शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात है कि संजय हरदा के एक उभरते हुए फोटोग्राफर है जो अपनी फोटोग्राफी कला के लिए जाने जाते है। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यो और नेपाल से आए 40–45 छायाकारों के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया। आयोजन में प्रतिभागियों को चित्रों में निखार लाने की विधि के बारे में सिखाया, फोटोग्राफी एवं सिनेमैटोग्राफी एवं नई तकनीक के बारे में जानकारी दी गयी। संजय की सफलता पर परिवार और इष्ट मित्रो ने बधाई दी है।


**विकी हार्डवेयर स्टोर्स**

फोन कार्यालय 224664,

निवास- 222664मो. 9893200814

सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया

बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी

उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता

**दुकान बेचना है।**

पुराना गल्ला बाजार, हनुमान मंदिर के पास 13X17 साईज की दुकान शीघ्र बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

Mob- 9200111497, 9584578178

**प्लाट बेचना है**

पचमढ़ी रोड सावरिया कालौनी, पिपरिया में 85 X 60 का प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

सम्पर्क करें

मो. 9425039572

**पिपरिया डेन्टल क्लीनिक**


(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

**सुपर सिलेक्शन**

मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

मो. 9893331604

**माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स**




सीमेंट रोड, पिपरिया



**अधिकृत विक्रेता**

नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल



# नैतिक पतन के जिम्मेदार दूर संचार साधन नहीं हम हैं

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** हमारी नैतिकता पर सबसे बड़ा प्रहार दूर संचार क्रांति से हुआ है नैतिक मूल्यों में हम बुरी तरह पिछड़ रहे हैं । मोबाइल पर आदमी झूठ बोलता है यह व्यक्ति का नैतिक पतन है उक्त आक्रामक विचार केदार सिरोही प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस हरदा ने व्यक्त किये । वे अनहद साहित्यिक सांस्कृतिक लोक कला मंच द्वारा आयोजित नागरिक वाद विवाद कार्यक्रम में व्यक्ति के नैतिक पतन के लिए आधुनिक संचार साधन जिम्मेदार हैं विषय पर पक्ष के वक्ता के रूप में बोल रहे थे । सिरोही के तर्क एवं मत पर प्रहार करते हुए उनके विपक्षी दर्शन सिंह चौधरी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा चांदौन ने कहा आप दूर संचार साधन का उपयोग करना छोड़ क्यों नहीं देते। आज ज्ञान का अथाह सागर दूर संचार साधन है । नैतिक पतन के लिए संचार साधन नहीं हम जिम्मेदार हैं। डॉ. नितिन सहारिया अनूपपुर ने विषय के पक्ष में कहा कि सोशल मीडिया युवाओं के अंदर अवसाद पैदा कर रहा है चीन ताइवान दक्षिण कोरिया ने मोबाइल को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया है । अनिल झा विचारक इटारसी ने विपक्ष के वक्त के रूप में कहा सिक्के के दो पहलू होते हैं व्यक्ति का नैतिक पतन जब भी हुआ था, तब संचार साधन नहीं थे । स्थानीय प्रतिभा खुशबू नाहर ने विषय के पक्ष में कहा नैतिकता का अर्थ अच्छे बुरे का निर्णय करना है । शिक्षा वह जो चरित्र निर्माण करें युवा मोबाइल के संग ज्यादा समय बिता रहे हैं विपक्ष के वक्ता के रूप में श्रीमती वैशाली सोनी ने तर्कपूर्ण ढंग से कहा संचार साधनों ने नई गति प्रदान की है । नैतिकता बड़ों का सम्मान करना है आने वाली आपदाओं का पता हम संचार साधन से लगाते हैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय शुक्ला डिप्टी कलेक्टर इंदौर ने कार्यक्रम का विश्लेषण करते हुए कहा नैतिकता हमारी आत्मा को जगाती है और हमारे विकास की सोच आधुनिकता आती है । तकनीकि से समाज में परिवर्तन आता है अतिथि के रूप में श्रीमती कल्याणी बरकड़े एसडीओपी हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक ने अपने विचार रखे कार्यक्रम का संचालन श्रीकृष्ण शर्मा ने किया स्वागत भाषण श्रीमती ममता नगोत्रा ने दिया आभार हर्ष लता राजपूत ने व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता अनहद सदस्य ओम गुरु चौहान ने की।



श्रीकृष्ण शर्मा

# रतलाम में थाने से चोरी हो गई टीआई की जीप, पुलिस सोती रही और चोर जीप ले गए

रतलाम में थाने से चोरी हो गई टीआई की जीप, पुलिस सोती रही और चोर जीप ले गए बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी का सायरन बजाकर होटल वाले से मांगे रुपए, व्यापारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस



रतलाम। मध्य प्रदेश के रतलाम से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां पुलिस के नाक के नीचे से चोरी हो गई। चोर थाने में घुसे और टीआई की जीप ले गए। मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। अब सवाल उठ रहा है कि पुलिस थाने जब सुरक्षित नहीं हैं तो पुलिसकर्मी कानून व्यवस्था और आम लोगों के जान माल की सुरक्षा कैसे करेंगे?

रतलाम रेलवे स्टेशन रोड पर शिवाजी होटल चलाने वाले हरीश चौथानी ने स्टेशन रोड थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। चौथानी ने बताया कि वे सोमवार देर रात करीब 1 बजे अपनी होटल के काउंटर पर बैठे था। तभी दिल बहार चौराहे की ओर से सायरन बजाती हुई पुलिस की एक गाड़ी (एमपी 11 सीसी7326) रेलवे स्टेशन की तरफ गई और फिर पलटकर होटल के सामने आकर रुकी। गाड़ी चला रहे युवक ने सायरन बजाकर उन्हें पास बुलाया और धमकाते हुए कहा कि तुमने रात 1 बजे तक दुकान क्यों खोल रखी है? मुझे शराब पीने के लिए रुपए दो?

चौथानी के मुताबिक इसपर उन्होंने बोला कि तुम कौन होते हो होटल बंद करवाने वाले और तुम्हारी गाड़ी में कोई पुलिस अधिकारी भी नहीं है। इतना सुनते ही गाड़ी चला रहे युवक ने उनकी कॉलर पकड़ी और चांटे मारे। वहीं, पास वाली सीट पर बैठे व्यक्ति की ओर इशारा कर बताया कि ये साहब साथ में बैठे हैं। ड्राइवर गालियां देते हुए शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगा और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

होटल के बाहर हंगामा होने पर वहां भीड़ जमा हो गई और लोगों ने आरोपियों का वीडियो भी बनाया। इस पर गाड़ी चालक गुस्से में गालियां देते हुए जीप लेकर वहां से चला गया। लोगों ने पुलिस को कॉल कर जब ये बताया तो थाने में सनसनी मच गई। वहां टीआई की जीप ही नहीं थी। पुलिस टीम आनन-फानन में स्टेशन रोड थाने पहुंची और जीप को जप्त कर दोनों आरोपियों को थाने लेकर आई। इस घटना के बाद अब सवाल उठ रहे हैं कि जब पुलिस थाने से चोरी हो जा रही है तो आम लोग क्या करें?

मामले पर सीएसपी अभिनव बारंगे ने कहा कि थाना परिसर से गाड़ी ले जाने और पुलिस बनकर धमकाने के मामले में जांच की जा रही है और फिर धाराएं बढ़ाई जाएंगी। आरोपी इरफान थाने में लगने वाली प्राइवेट गाड़ी का ड्राइवर रह चुका है। अधिकांश पुलिसकर्मी उसे पहचानते हैं इसलिए जब रात को थाने पहुंचा तो किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया।

-हम समवेत

# सिवनी मालवा ने ट्राफी जीती

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** सतपुड़ा ट्राफी में जबलपुर को हराकर सिवनी-मालवा ने विजय हासिल कर ट्राफी पर कब्जा किया । पुरस्कार 51 हजार रुपयों का सुनील दुबे ने दिया । अमित श्रीवास्तव ने 31 हजार का पुरस्कार उपविजेता टीम को दिया । मुख्य अतिथि सी.ई.ओ खेल एवं युवक कल्याण विभाग भोपाल अध्यक्षता श्रीमती सविता दीवान , विशेष अतिथि श्री दिलीप जी अवस्थी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । आभार एकता स्पोर्टस क्लब के अध्यक्ष बलरामसिंह बैस ने व्यक्त किया । आयोजन में सहयोग करने वालों को भी प्रोत्साहित किया, उनके प्रति आभार माना ।

# श्री राम मंदिर और भाजपा

**सुविज्ञ अग्रवाल**

भारतीय राजनीति में सबसे गरमाए हुए मुद्दों में से एक रहा है श्रीराम जन्मभूमि । सन 1990 में जबसे राम मंदिर आंदोलन प्रारंभ हुआ, तभी से विहिप संघ, भाजपा व इनसे संबंधित संगठनों ने अनेकों आलोचनाएं और यातनाएं सहीं ।

तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह द्वारा बिना विचारे कारसेवकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाने का आदेश देना, गोधरा में कारसेवकों की रेलगाड़ी का डिब्बा जला दिया जाना, देश भर में संघ और उससे संबंधित संगठनों के लोगों पर हमले होना इस बात का प्रमाण है ।

विगत कुछ समय से एक बहस चल रही है , कि मंदिर का श्रेय सिर्फ भाजपा /संघ क्यों ले रहें हैं ।

विश्व के इतिहास में शायद ही कभी पहले ऐसा हुआ होगा कि किसी बहुसंख्यक समुदाय को अपने आराध्य की , जन्मस्थली के लिए सर्वोच्च न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ी हो । और बात यहां सिर्फ हिन्दू-मुसलमान की नहीं है । यह तो देश के लिए गर्व की बात है कि किसी बाहरी आततायी (बाबर) द्वारा देश के सबसे महत्वपूर्ण स्थान को तोड़ना गैर कानूनी सिद्ध हुआ ।

जबसे यह केस सुप्रीम कोर्ट में चालू हुआ, भाजपा संघ व अन्य हिन्दू संगठनों ने सदैव मंदिर के पक्ष में बात रखी । वहीं कांग्रेस ने अपने एक (तत्कालीन) वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल के नेतृत्व में श्रीराम को काल्पनिक पात्र सिद्ध करने हेतु कोर्ट में तत्कालीन यूपीए की कांग्रेस नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की तरफ से एफिडेविट तक दायरा करा ।

राम मंदिर के लिए रथयात्रा करने वाली भाजपा, संघ व विहिप । अपनी सत्ता गंवाने वाले पद्म विभूषण स्व. श्री कल्याणसिंह जी (तत्कालीन मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश) न्यायालयों में मुकदमे लड़े भाजपा नेताओं व समर्थकों ने । ढांचा विध्वंस के बाद भाजपा ने ही सबसे ज्यादा राजनैतिक नुकसान उठाया । उस समय कोई भी दल भाजपा का प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष सहयोग करने तैयार नहीं थे, देशभर के कई नागरिक नाराज हुए, सरकारें गवाईं, नेताओं व कार्यकर्ताओं को जेल हुई ।

हाल ही में कई मीडिया घरानों ने एक खबर चला दी कि हिन्दू धर्माचार्यों ने मंदिर उद्घाटन में न आने का निर्णय लिया है व इसे भाजपा का इवेंट बताया । परन्तु जब उन्हीं मठों द्वारा स्पष्टीकरण आया कि उन्हें कोई ऐसा निर्णय नहीं लिया है, तो यह खबर तक नहीं आई ।

खैर, राम काज में विघ्न डालने के प्रयास तो त्रेता युग से ही चलते आए हैं, परन्तु 'राम काज किन्हें बिनु , मोहि कहां विश्राम' की बजरंगी भावना वाले रामभक्त भी दृढ़ निश्चय कर अपने आराध्य को पुनः अपनी जन्मभूमि पर विराजित करवा ही दिया ।

''जय श्री राम''

# निःशुल्क नेत्र शिविर सम्पन्न

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** माहेश्वरी सेवामंडल एवं मुरली मनोहर तापड़िया परिवार द्वारा जगमोहन दास तापड़िया श्रीमती रुकमणि देवी तापड़िया की स्मृति में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में 155 मरीजों का आपरेशन हेतु चयन किया गया । इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुशील गांधी की उपस्थित में महेश पूजन के साथ शुभारंभ हुआ । इसमें पीपुल्स अस्पताल के विशेषज्ञों ने परीक्षण कर जांच की अस्पताल प्रबंधन का भी सहयोग रहा । मरीजों को ले जाने आपरेशन चश्मा भोजन सभी सुविधाएं निःशुल्क मिल रही है । माहेश्वरी समाज के सेवाभावी युवाओं ने भी व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया ।


## टीचर चाहिए

1-2-2024

आचार्य पब्लिक हा. से. स्कूल, शोभापुर में हिन्दी एम.ए., अंग्रेजी एम.ए., बायोसाइंस एम.एस.सी. सभी बी.एड.

सम्पर्क-9893564513

वेतन-15000 से 20, 000/- रुपये


स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक-प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला- होशंगाबाद (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959संपादक -प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा । E-mail-pipariyaprakash@gmail.com